# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 348 । भोपाल, सोमवार, 18 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



लोक सेवा आयोग की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई संपन्न — पृष्ठ 2

▪ पैसे से कांग्रेस की सेहत नहीं सुधरेगी!
▪ कांग्रेस पश्चिम बंगाल में चुन सकती है तृणमूल के साथ गठबंधन का विकल्प — पृष्ठ 4

▪ आधुनिक खेती: ड्रोन का प्रशिक्षण लेंगे किसान, मिलेगा अनुदान — पृष्ठ 6

सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने बनेगी मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### कुवैत के अमीर के निधन पर भारत में भी राजकीय शोक रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन के बाद आज भारत में भी राजकीय शोक रहा। अमीर का शनिवार को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को भेजे एक संदेश में 17 दिसंबर को राजकीय शोक घोषित किया था। इस दौरान पूरे भारत में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं हुए।

### रघुराम राजन ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने रविवार को हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, जो वित्त मंत्री भी हैं और उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डी. श्रीधर बाबू भी उपस्थित थे। केंद्र सरकार के आर्थिक सलाहकार के रूप में कार्य कर चुके राजनकाम किया, ने रेवंत रेड्डी के साथ अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, उन्होंने वर्तमान वित्तीय स्थिति और राज्य के आर्थिक विकास के लिए अपनाई जाने वाली आवश्यक रणनीति पर चर्चा की। राजन ने राज्य की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए कुछ सुझाव दिए। इस मौके पर मुख्य सचिव शांति कुमारी, विशेष सचिव, वित्त रामकृष्ण राव और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव शेषाद्री भी उपस्थित थे।

### तमिलनाडु में नियोमैक्स ग्रुप मामले में संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मदुरै स्थित नियोमैक्स ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा की गई वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले में पूरे तमिलनाडु में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जिनकी कीमत 207 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ईडी ने नियोमैक्स प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड और उसके समूह की कंपनियों के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा (मदुरै) के समक्ष निवेशकों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज किया, जिन्होंने कथित तौर पर उच्च रिटर्न और 12 से 30 प्रतिशत ब्याज का वादा करके कई निवेशकों को विभिन्न परियोजनाओं (प्लॉट विकास) में लाखों पैसे जमा करने के लिए धोखा दिया, लेकिन वे अपना वादा पूरा करने में विफल रहे हैं।

### बंगाल को बेवजह संसद की सुरक्षा में सेंधमारी से जोड़ा जा रहा : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि हाल ही में संसद भवन में हुई सुरक्षा में सेंधमारी से जानबूझकर पश्चिम बंगाल को जोड़ा जा रहा है, ताकि वहां की गंभीर सुरक्षा खामियों से ध्यान भटकाया जा सके। नई दिल्ली रवाना होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मामले के मुख्य आरोपी ललित झा का पश्चिम बंगाल से कोई घनिष्ठ संबंध नहीं है। उन्होंने झा के कथित बंगाल कनेक्शन के बारे में अपनी पहली टिप्पणी में कहा, 'उसके बिहार और झारखंड से संबंध थे, पश्चिम बंगाल से नहीं। इसलिए, अनावश्यक रूप से इस मामले में हमारे राज्य का नाम घसीटा जा रहा है। यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी इस मामले में सुरक्षा व्यवस्था में खामियां स्वीकार की हैं। हम बस इतना चाहते हैं कि किसी स्वतंत्र एजेंसी से पूरी तरह से जांच हो।' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस सुरक्षा चूक मुद्दे पर सदन में मुखर रहे विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। ममता को नई दिल्ली में 19 दिसंबर को विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक में भाग लेना है और 20 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना है। बैठक में उनके साथ तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी के भी आने की काफी संभावना है।

### जंगली हाथी ने 2 लोगों को कुचलकर मार डाला

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के बारगढ़ जिले में रविवार को एक जंगली हाथी ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला। मृतकों की पहचान गैसलेट क्षेत्र के कथौमल गांव के सिबलाल सुना और देशभालती क्षेत्र के बलराम साहू के रूप में की गई है। 55 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर सिबलाल जिले के झारपाली इलाके में एक नहर निर्माण कार्य में मजदूर के रूप में काम करता था। वह शौच के लिए गया था, जहां उसे हाथी मिल गया। हाथी ने सिबलाल पर हमला कर दिया और उसे कुचलकर मार डाला। एक अन्य घटना में, 25 वर्षीय बलराम धान की फसल काट रहा था। वह घने कोहरे के कारण हाथी को नहीं देख सका।

---

लैंगिक असमानता पर बोले सीजेआई चंद्रचूड़

# अधिकारों के उल्लंघन के लिए निजता की आड़ नहीं ली जा सकती

**बेंगलुरू, एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि कानूनों को घरों के भीतर मौजूद लैंगिक असमानता को दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निजता अधिकारों के उल्लंघन के लिए एक आड़ नहीं हो सकती है। वह देश के 19वें मुख्य न्यायाधीश ईएस वेंकटरमैया की स्मृति में बेंगलुरू के नेशनल लॉ स्कूल में आयोजित एक व्याख्यान में बोल रहे थे। न्यायमूर्ति वेंकटरमैया की बेटी न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश हैं और देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में हैं।



### कानून के उद्देश्य का विस्तार हो

सीजेआई ने स्मारक व्याख्यान देते हुए कहा कि सार्वजनिक और निजी दोनों स्थानों पर प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए कानून के उद्देश्य का विस्तार किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने कहा कि वह लैंगिक भेदभाव को सार्वजनिक और निजी अंतर के नजरिए से देखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय दंड संहिता में प्रावधान है कि जब दो या दो से अधिक व्यक्ति झगड़े में पड़कर सार्वजनिक शांति भंग करते हैं तो उन्हें अपराध करने वाला कहा जाता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### हाईकोर्ट जमानत याचिकाओं का तेजी से करें निपटारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया है कि अग्रिम जमानत आवेदन सहित जमानत आवेदनों पर निर्णय स्वतंत्रता से संबंधित हैं और सभी उच्च न्यायालयों द्वारा शीघ्रता से इस पर फैसला लिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब उसने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ एक आरोपी द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उसके आवेदन को कालानुक्रमिक क्रम में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा, हमें यह मानने में कोई झिझक नहीं है कि ▪ शेष पृष्ठ 8 पर



---

ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई

# छत्तीसगढ़ में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर शहीद

**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए हैं। सब इंस्पेक्टर की शहादत को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नमन किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह सात बजे जगरगुंडा थाना अंतर्गत बेदरे कैंप से सीआरपीएफ 165वीं बटालियन की कंपनी उसंगिल की तरफ ऑपरेशन पर निकली थी। ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। घटना में 165वीं बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए एवं कांस्टेबल रामू गोली लगने से घायल हो गए। घायल जवान को प्राथमिक उपचार कर उचित उपचार हेतु हेलीकॉप्टर के माध्यम से एयरलिफ्ट किया जा रहा है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने आस पास के इलाके की सघन तलाशी की, जिस पर चार संदिग्धों को पुलिस ने दबोच लिया है तथा सीआरपीएफ, कोबरा एवं जिला बल के द्वारा आस पास के इलाके की सघन सर्चिंग की जा रही है।

**तलाशी अभियान में पुलिस ने 4 को दबोचा**

---

# बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, 9 की मौत



### 3 घायल, 5 लाख की सहायता की घोषणा

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के शहर नागपुर के बाजारगांव स्थित एक बारूद कंपनी में रविवार को विस्फोट हो जाने से तीन महिला श्रमिकों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संदीप पखाले ने कहा कि विस्फोट के सही कारणों की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि विस्फोट में मरने वालों में से छह पुरुष तथा तीन महिलाएं हैं और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नागपुर में फैक्ट्री में हुए विस्फोट में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ितों के परिजनों को पांच लाख रुपये की सहायता देने की भी घोषणा की है। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस और सभी संबंधित एजेंसियों को घायल व्यक्तियों को उत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया है। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

## तेलंगाना में मानव-पशु संघर्ष में मृत्यु पर मुआवजा राशि दोगुनी हुई

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना सरकार ने मानव-पशु संघर्ष में किसी व्यक्ति की मृत्यु पर मुआवजा राशी दोगुना कर 10 लाख रुपये कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जिन परिवारों के सदस्य मानव-पशु संघर्ष के शिकार होते हैं, उनके लिए अनुग्रह राशि 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है। राज्य की पर्यावरण एवं वन मंत्री कोंडा सुरेखा ने मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद इस संबंध में एक आदेश पर हस्ताक्षर किए। इससे संबंधित विवरण, निर्देश और नियम जल्द ही जारी किए जाने हैं। मंत्री ने अन्य राज्यों से विभिन्न त्योहारों और आयोजनों के लिए तेलंगाना में हाथियों को लाने से संबंधित एक फाइल पर भी हस्ताक्षर किए। मंत्री ने बीआर अंबेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय में अपने कक्ष में अपने परिवार, विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यभार संभाला। सुरेखा ने मंत्री नियुक्त होने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि वह वन विभाग की सभी विकास गतिविधियों में 100 प्रतिशत सहयोग प्रदान करेंगी।

---

उज्जैन में मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों की बैठक ली, कहा-

# कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने कोई समझौता न करें



### साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति में प्रभावी कार्रवाई की जाए

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कहीं साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति होती है तो उसके कारकों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए, कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में कोई समझौता न करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी पुलिस अधीक्षक अपने-अपने थाना क्षेत्र में ड्रोन को मजबूत करें। साथ ही जनप्र-तिनिधियों को भी इससे जोड़ें। उन्होंने कहा कि थानों का युक्तियुक्तकरण करके उनकी सीमा भी निर्धारित की जाएगी, थानों का रिव्यू किया जाएगा, जिससे उनकी उपयोगिता एवं सार्थकता सिद्ध हो सके। डॉ. यादव ने रविवार को उज्जैन में सभी विभागों की विभागीय समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कलेक्टरों को कहा कि वह भविष्य की योजनाओं को देखते हुए, शासकीय जमीन आरक्षित करें। उज्जैन सहित बड़े शहरों का क्षेत्रवार कार्ययोजना बनाने की दिशा में पहल करें।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के बेहतर क्रियान्वित के संबंध में डॉ.यादव ने कहा कि इस यात्रा से जन-हितैषी योजनाओं का लाभ आम जनता को बेहतर ढंग से मिले। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की निर्माणाधीन सड़कों को लेकर अधिकारियों से कहा कि सड़कें सहित अन्य निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो जाएं, सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से इसका पालन करें। डॉ.यादव ने कहा कि समाज के ऐसे सेवानिवृत्त लोगों की सेवाएं ली जाएगी, जो अच्छे कार्य करते हैं। ऐसे लोगों का उपयोग समाज-हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में किया जाएगा। उन्होंने मिलावटी दूध एवं पेट्रोल पर पूर्व की तरह ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि इससे सही काम करने वाले लोगों को परेशान नहीं किया जाएं। डॉ.यादव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि जितने भी निर्माण कार्य हैं, जिनमें 2 विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता है, वहां वे निगरानी कर बेहतर समन्वय स्थापित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### मुख्यमंत्री ने उज्जैन में रात बिता कर मिथक तोड़ा

**भोपाल, देशबन्धु।** धार्मिक नगरी उज्जैन को लेकर एक मिथक रहा है कि यहां मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री रात नहीं बिताते हैं। मगर राज्य के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार की रात उज्जैन में बिताकर इस मिथक को तोड़ दिया है। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं और मुख्यमंत्री बनने के बाद वे शनिवार को यहां पहुंचे। इतना ही नहीं उन्होंने रात भी बिताई। मुख्यमंत्री यादव ने यहां एक जनसभा में कहा कि रात न बिताने के मिथक को तत्कालीन राजा दौलत राव सिंधिया ने बनाया था। राजा महादजी सिंधिया के निधन के बाद दौलत राव सिंधिया राजधानी को उज्जैन से ग्वालियर ले जाना चाहते थे और वे 1812 में राजधानी ले भी गए, मगर धीरे से एक मंत्र फूंक गए कि यहां कोई राजा रात को नहीं रहेगा, जिससे कोई कब्जा करने नहीं आए। यह उनकी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा था। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि अब हम भी कहते हैं कि राजा रात में नहीं रहेगा, अरे राजा तो बाबा महाकाल हैं, हम सब तो उनके बेटे हैं। क्यों रात में नहीं रहेंगे। ब्रह्मांड में कोई बच नहीं सकता, अगर बाबा महाकाल ने टेढ़ी निगाह कर दी तो। मुझे मोदी जी ने कहा कि बनारस मैं संभालता हूं, मोहन जी, आप तो उज्जैन संभालो। मैं मुख्यमंत्री नहीं मुख्य सेवक हूं यहां पर।

### *विकास का एजेंडा सबसे पहले*

*मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि दताना एवं मुक्षापुरा मार्ग को जोड़कर कार्य करें। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी, जो सड़क बना रहे हैं, वे एक तरफ से बनाते हैं। आवश्यकता है कि दोनों ओर से सड़क बनाई जाए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन सड़कों पर डालने से सड़क कट रही हैं। इसलिए लोगों को समझाइश दें कि वे सड़कों पर पाइप लाइन नहीं डालें। सड़कों पर पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने कहा कि नए निर्माण कार्य करने के लिए पहले से बने हुए पक्के निर्माण स्थल को न तोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि विकास का एजेण्डा सबसे पहले है।*

### *मांस-मछली के लिए व्यवस्थित बाजार विकसित किए जाएं*

*डॉ. यादव ने खुले में बेच रहे मांस और मछली बेचने वालों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने इस संबंध में कहा कि मांस-मछली का कारोबार करने वालों के लिए सभी जगह व्यवस्थित बाजार विकसित किए जाएं। उन्होंने कहा कि एक जगह मांस मछली का बाजार होने के बाद सड़क पर मांस-मछली बेचने की नौबत नहीं आएगी।*

---

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

# 'देश के लिए दान' अभियान की खड़गे आज करेंगे शुरुआत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आर्थिक तंगी का दावा करने वाली कांग्रेस ने आगामी आम चुनाव से पहले ऑनलाइन चंदा एकत्र करने के लिए 'देश के लिए दान' नाम से अभियान शुरू करने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 दिसंबर को इस अभियान की शुरुआत करेंगे।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि 18 साल से अधिक उम्र के भारतीय इस अभियान के जरिए 138 रुपए, 1,380 रुपए, 13,800 रुपए या फिर इससे 10 गुने की राशि चंदे के रूप में दे सकते हैं। माकन ने कहा कि अभियान की टैगलाइन होगी बेहतर देश के लिए, कांग्रेस को आपकी जरूरत है, भारत को आपकी जरूरत है।

### 21 दिसंबर को बुलाई कार्य समिति की बैठक

उत्तर भारत के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार के कुछ दिनों बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई है, जो पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। यह बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है। सीडब्ल्यूसी की बैठक तीन राज्यों में पार्टी की हार और हाल ही में संसद में बड़े पैमाने पर सुरक्षा चूक के मद्देनजर हो रही है। बैठक में 14 सांसदों – 13 लोकसभा से और एक राज्यसभा से – को शीतकालीन सत्र के शेष समय के लिए निलंबन पर भी चर्चा हो सकती है।

---

धरोहरों से जुड़े कानून पर संसदीय समिति का अहम सुझाव

# सरकारी कर्मियों की जवाबदेही तय करने हो संशोधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की ऐतिहासिक विरासतों और धरोहरों से जुड़े कानून में संशोधन को लेकर संसदीय समिति ने अहम सुझाव दिया है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति ने अपनी सिफारिश में कहा, अगर सिफारिश की है कि कानून में ऐसे सख्त संशोधन किए जाने चाहिए, जिससे विरासत और धरोहरों के संरक्षण से जुड़े सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जा सके। परिवहन, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय के मामलों को देखने वाली स्थायी संसदीय समिति ने कहा, आने वाले संशोधनों में बेहद सख्त कानूनी प्रावधान होने चाहिए, जिनसे सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जा सके। समिति ने केंद्र की तरफ से संरक्षित स्मारकों और धरोहरों को सहेजने के साथ-साथ अतिक्रमण रोकने लिए समय रहते और तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का आह्वान भी किया।

धरोहरों को सहेजने से जुड़े कानून में बदलाव पर संसदीय समिति ने अपनी सिफारिश में कहा, अगर सरकारी कर्मचारी स्मारकों के अतिक्रमण रोकने में विफल रहें और अपनी ड्यूटी में लापरवाही करते पाए जाएं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। जिला वन अधिकारी को मिली शक्तियों की समीक्षा भी होनी चाहिए। समिति ने कहा कि अतिक्रमण को रोकने के लिए 1972 में बने कानून-वन्यजीव अधिनियम के तहत डीएफओ को जैसी शक्तियां दी गई हैं, वैसे ही अधिकार एएसआई अधिकारियों को मिलने चाहिए।

▪ अतिक्रमण रोकने लिए समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जाए

▪ जिला वन अधिकारी को मिली शक्तियों की समीक्षा हो

### शीतकालीन सत्र के दौरान 363वीं रिपोर्ट पेश की

समिति ने शीतकालीन सत्र के दौरान 363वीं रिपोर्ट पेश की। एएमएएसआर कानून के तहत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण करती है। प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल और अवशेष को बचाने के लिए एएसआई देशभर में काम करती है। वर्तमान में एएसआई 3690 स्मारकों को सहेजने का काम कर रहा है। समिति ने इस बात पर भी चिंता जाहिर की है कि देशभर में केवल 6.7 फीसद स्मारकों या संग्रहालयों में सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। यानी केंद्रीय स्तर से सहेजे जा रहे 3693 स्मारकों में केवल 248 में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। कुल सात हजार कर्मचारियों को नियुक्त किए जाने की जरूरत है, लेकिन सिर्फ 2578 सुरक्षाकर्मी ही तैनात हैं। इसका कारण फंड में कमी को बताए जाने पर स्थायी संसदीय समिति ने निराशा प्रकट की।

## सार समाचार

### 10 डिग्री से ऊपर बना हुआ है न्यूनतम तापमान

**गुना, देशबन्धु।** दिसंबर माह का आधे से अधिक पखवाड़ा बीत चुका है, लेकिन अब तक एक दिन छोड़ों दो तो कभी भी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक नहीं पहुंचा। फिलहाल अभी ऐसे कोई आसार नजर भी नहीं आ रहे। मौसम विभाग ने जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसमें भी आने वाले चार दिन अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री से 28.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री से 13.5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। आम तौर पर दिसंबर माह में कड़ाके की ठंड पडने लगती है, लेकिन इस बार हालात पूरी तरह से बदले हुए हैं। अभी दिन का तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री से ऊपर चल रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि पूरे महीने में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री पर आया था। लेकिन उसके नीचे कभी तापमान नहीं गिरा।

### अज्ञात कारणों के चलते हम्माल ने लगाई फांसी

**गुना, देशबन्धु।** शहर के कैंट थानांतर्गत कंचनपुरा निवासी एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंचनपुरा निवासी चंदन कुशवाह पुत्र परशुराम कुशवाह (42) पिछले दो दशकों से कृषि उपज मंडी नानाखेड़ी में हम्माली कर अपना परिवार पालता था। जिसने अज्ञात कारणों के चलते शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात कच्चे मकान में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। तडके 5:30 बजे जब परिजन सोकर उठे तो मृतक फांसी के फंदे पर लटका मिला। जिसके बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। यहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा। मृतक के दो बेटे हैं। जिसमें एक 18 साल का है दूसरा 12 साल का है। फिलहाल कैंट पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### कर्नलगंज में मासूम के हाथ से बदमाश ने झपटा मोबाइल

**गुना, देशबन्धु।** शहर में चोर-बदमाश लगातार सक्रिय हैं, और आए दिन वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला कर्नलगंज प्रताप छात्रावास से सामने आया है। जहां से बदमाश एक बाइक सवार बच्चे के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग खड़ा हुआ। मामले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय और शहर कोतवाली में शिकायत की गई है। राजकुमार राठौर पुत्र सुंदरलाल राठौर निवासी सकतपुर रोड सांईसिटी कॉलोनी ने अपने शिकायती आवेदन में बताया कि वह 16 दिसंबर की शाम को प्रताप छात्रावास में बाइक से अपने 8 वर्षीय बेटे के साथ गया था। बेटे के हाथ में मोबाइल देकर बाथरूम करने के लिए रूका। इसी दौरान बाइक से आए बदमाश ने बच्चे से मोबाइल छीना और गायत्री मंदिर की ओर सडक़ पर भाग गया।

आधा दर्जन परीक्षा केंद्रों पर 3,255 आवेदकों ने दी परीक्षा

# लोक सेवा आयोग की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई संपन्न



**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरुण राठी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर के निर्देशानुसार म.प्र. राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 रविवार को जिला मुख्यालय के 06 परीक्षा केन्द्रों पर दो सत्रों में आयोजित की गई। जिसमें कुल 3,255 में से पहली पाली 2,716 तथा दूसरी पाली में 2,683 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इस दौरान परीक्षा केन्द्र शास. मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल पत्रकार कॉलोनी, गुना, गांधी वोकेशनल कॉलेज कुशमौदा गुना, शास. हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक 2, जयस्तंभ चौराहा गुना, शास. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयस्तंभ चौराहा गुना, शास. स्नाकोत्तर महाविद्यालय गुना, क्राईस्ट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल चौधरन कॉलोनी सहित गुना जिले के 6 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई।

प्रभारी अधिकारी परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु कौशल किशोर सिंह गौर, संयुक्त कलेक्टर जिला गुना को परीक्षा प्रभारी नियुक्त किया गया था। उन्होंने बताया कि जिले में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 6 परीक्षा केंद्रों पर आयोजन किया गया। सभी परीक्षा केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई थी, इस दौरान पुलिस व्यवस्था भी चौकस रही। गुना जिले में 3,255 आवेदकों को परीक्षा देना थी, जिसमें से पहली पाली में 2,716 एवं दूसरी पाली में 2,683 आवेदक परीक्षा में सम्मिलित हुए इस दौरान उडऩ् दस्ते के रूप में गुना तहसीलदार जीएस बैरवा द्वारा परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया आयोग द्वारा गुना के लिए पर्यवेक्षक हेतु ग्वालियर संभाग अंतर्गत एन.सी. नागराज, से.नि. उच्च न्यायिक सेवा, को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था।

कैंट थाना पुलिस की कार्रवाई

# नाबालिग से दुष्कर्म और अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** केंट थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से नाबालिग किशोरी के अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को पीड़ित नाबालिग बालिका की मां द्वारा कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 20 नवंबर की शाम को संजू पुत्र लालाराम कुशवाह निवासी ग्राम डोडियाई, लुकवासा जिला शिवपुरी का मोटर साइकिल से उसके घर के बाहर आया और उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर अपने साथ ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पर से आरोपी संजू कुशवाह के विरुद्ध कैंट थाने में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था।

केंट थाना पुलिस द्वारा उपरोक्त प्रकरण में अपहृत नाबालिग बालिका की सघनता से तलाश की गई और दिनांक 24 नवम्बर को प्रकरण की नाबालिग अपहृता को दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

दस्तयाबी पर पीडित नाबालिग द्वारा दिए गए कथनों के आधार पर आरोपी संजू कुशवाह निवासी ग्राम डोडियाई, जिला शिवपुरी के विरूद्ध प्रकरण में दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट का इजाफा की जाकर केंट थाना पुलिस द्वारा प्रकरण के आरोपी संजू कुशवाह की तलाश में निरंतर दविशें दीं गईं। जिसके परिणामस्वरूप गत् 16 दिसंबर को आरोपी के संबंध में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर केंट थाना पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी, उपनिरीक्षक अमित अग्रवाल, महेन्द्र बैस एवं महेन्द्र छारी की सराहनीय भूमिका रही है।

# ग्राहक पंचायत के जागरण पखवाड़े का शुभारम्भ



**गुना, देशबन्धु।** दिसम्बर के दूसरे पखवाड़े को ग्राहक पंचायत द्वारा देश भर में ग्राहक जागरण पखवाड़े के रुप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में गुना में भी ग्राहक जागरण पखवाड़े का शुभारम्भ केमिस्ट भवन में कार्यक्रम अयोजित कर किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा ग्राहक पञ्चायत के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ग्राहक पंचायत के मध्यक्षेत्र संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ ने कहा कि यह वर्ष ग्राहक पंचायत का स्वर्ण जयंती वर्ष है और हमें व्यवस्था में सुधार के लिए विधिक क्षेत्र, पर्यावरण संरक्षण, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, स्वरोजगार और महिला शक्ति जागरण के विषय में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि उपभोक्तावाद के परिवार व्यवस्था और संस्कृति के लिए खतरा, मनमानी एमआरपी, भ्रामक विज्ञापन और पर्यावरण अनुकूल जीवन पर प्रबुद्धजन गोष्ठियों का आयोजन भी ग्राहक पंचायत की स्वर्ण जयंती समारोह समिति के द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण रघुवंशी ने ग्राहक पंचायत की सांगठनिक जानकारी देते हुए ग्राहकों को शोषण से बचाव के लिए जागरुक होने की अवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बड़े-बड़े शोषण के विरुद्ध हमें संगठित होकर लडने् की आवश्यकता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक सुनील शर्मा, जिला महिला जागरण प्रमुख डॉ नीरू शर्मा, सह महिला जागरण प्रमुख प्रीति गोयल, जिला सचिव दिनेश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप तलवार आदि उपस्थित थे। अन्त में आभार अभिभाषक गिरीश कुमार ने व्यक्त किया।

### स्वावलंबी भारत अभियान अंतर्गत लगा रोजगार मेला

**गुना, देशबन्धु।** स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत रोजगार सृजन केंद्र में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह दिखाते हुए अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह अशोक अग्रवाल, विभाग प्रचारक नितिन अग्रवाल एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह प्रचार प्रमुख प्रमोद दुबे ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में रोजगार केंद्र के एक वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र द्वारा की गई गतिविधियों की जानकारी जयदीप ओझा ने दी। इस दौरान 50 युवाओं ने पंजीयन कराए। इन सभी को कई कंपनियों में रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध कराई गई। रोजगार मेले में पीटीएम जैसी बड़ी कंपनी ने अपनी सहभागिता दिखाई । इसके अलावा वित्तीय सलाहकार के 20, इलेक्ट्रीशियन के चार पद, वेल्डर के पांच पदों पर रजिस्ट्रेशन हुए । युवाओं को रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई मेले में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अंत में आभार सीए शुभम जैन ने माना।

# जीतू, उमंग और हेमंत की नियुक्ति से कांग्रेसजनों में जोश



▶ आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

**गुना, देशबन्धु।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा मप्र कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप नेता हेमंत कटारे के मनोनयन पर कांग्रेसजनों ने हनुमान चौराहे पर जमकर जश्न मनाया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के निर्णय पर प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की ताजपोशी किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश में वरिष्ठ नेता कमलनाथ व दिग्विजय सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में नए सिरे से कांग्रेस मजबूती से कार्य करेगी।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रदेश महामंत्री हरिशंकर विजयवर्गीय, जिला संगठन मंत्री विश्वनाथ तिवारी, राघौगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष विजय साहू, रजनीश शर्मा, राजेंद्र तिवारी, नपा नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ वरिष्ठ, मोहन रजक, प्रकाश सिंह धाकड़, कैलाश यादव, माधो महाराज, नरेंद्र सोनवार, बीटू रघुवंशी, नंदू शर्मा, इकरार बल्ला, खालिद बंटी, मनीष रजक, कन्हैयाराम अहिरवार, प्रशांत भार्गव, शिव प्रताप बना, अशोक सोनी, राजू जाटव, रामवीर जाटव, नरेंद्र कुशवाह, प्रमोद रघुवंशी, फलेषु सिसोदिया, सचिव गौरव, रघुवंशी सचिन जायसवाल, शिवम रघुवंशी, मुकेश रजक, चिमन बिलोनिया, अशोक मौर्य, बलबीर आदिवासी, असीम भटनागर, पुरषोत्तम जाटव, खूब सिंह, रामस्वरूप बंटी रघुवंशी, सुनील रघुवंशी, अखिलेश पाराशर, मनीष रघुवंशी, रामकुमार शर्मा, देवेंद्र बना, मनोज तिवारी, शैतान सिंह, महेंद्र जाट मामा आदि उपस्थित रहे।

ग्राम जमोनिया में हमारा संकल्प विकसित भारत का दिलाया संकल्प

# केंद्र की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा हैं : विधायक



**सीहोर, देशबन्धु।** केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम जमोनिया में विधायक सुदेश राय के मुख्य आतिथ्य में यहां पर मौजूद ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर विधायक श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को विकसित बनाने के साथ ही विश्व में एक नई पहचान भी दिलाई हैं। गरीबों को पक्का आवास हो, मातृशक्ति का सम्मान, किसानों का कल्याण हो या शिक्षा का विकास हर क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ हैं। केंद्र सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा हैं। कार्यक्रम में ग्राम जमोनिया की सरपंच आरती राकेश मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

इस मौके पर विधायक श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को विकसित बनाने के साथ ही विश्व में एक नई पहचान भी दिलाई हैं। गरीबों को पक्का आवास हो, मातृशक्ति का सम्मान, किसानों का कल्याण हो या शिक्षा का विकास हर क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ हैं। केंद्र सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा हैं।

यहां विधायक श्री राय और सरपंच श्रीमती आरती राकेश मेवाड़ा सहित जनपद सीईओ आदि ने जन जीवन मिशन आदि के प्रमाण पत्रों का वितरण किया। यात्रा के दौरान ग्राम जमोनिया में स्टाल लगाकर ग्रामीणों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# हेमलता सर्वजन न्याय मंच की सलाहकार मनोनीत



**सीहोर, देशबन्धु।** सर्वजन न्याय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन समिति शरद द्विवेदी द्वारा कार्यकारणी का विस्तार करते हुए शरद फाऊंडेशन की चेयरपर्सन समाजसेवी डॉ हेमलता शर्मा को सर्वजन न्याय मंच का राष्ट्रीय सलाहकार मनोनीत किया है। इनकी नियुक्ति पर मुख्य संरक्षक राजापाकर विधायक प्रतिमा कुमारी, विजयलक्ष्मी उपाध्याय, व्रिप कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार की उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू शर्मा, उर्मिला मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकारी महिला मंच, गीता सिंह ठाकुर, रागिनी पाण्डेय , ममता शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, रीमा गुप्ता, मोनिका सिंह, करुणा शर्मा, निर्मला मिश्रा, सुमन उपाध्याय, सुमन पाण्डेय, स्वरुपा तिवारी, सिमरन उपाध्याय सहित संगठन के समस्त पदाधिकारियों और शुभचिन्तकों ने हर्ष व्कर बधाई दी!

# अभिनव प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए शर्मा




**आष्टा, देशबन्धु।** हमें बनी बनाई लीक से अच्छे और अलग रास्ते पर चल कर विश्व पटल पर नवीन और सार्थक मुकाम बनाना है हमारे सभी वाहन पेट्रोल और डीजल जैसे आयातित ईंधन से अलग हट कर नवीन ऊर्जा स्रोतों से चलायमान हो ताकि हमारी विदेशी मुद्रा से निर्भरता समाप्त हो, देश में प्रदूषण न उत्पन्न हो, इस आशय के प्रेरक विचार केंद्रीय सड़क परिवहन एवम राज मार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बेंगलुरु में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम हाइड्रोजन दहन इंजन द्वारा संचालित जे सी बी बेक लोडर के अनावरण कर आगे कहा कि देश में नवीनतम लाभप्रद नवाचार आज विश्व में सराहे जा रहे है।

इस कार्यक्रम में आचार्य महामंडलेश्वर जुना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद के आशीष से आष्टा के प्रभु प्रेमी संघ से युवा व्यवसायी अर्थ मूविंग जेसीबी वर्ग में पंच दिवसीय आयोजन में सम्मिलित हुऐ युवा व्यवसायी इंजीनियर शुभम शर्मा ने इस अभिनव आयोजन को भारत सरकार एवम कर्नाटक सरकार का सार्थक कदम बताते हुऐ कहा की भारत में निर्मित हो रहे अर्थ मूविंग उपकरण आज इंटरनेशनल मार्केट में तेजी से अपना स्थान व्यापक करते जा रहे है अब भारत का एक्सपोर्ट और बड़ेगा। शुभम शर्मा को प्रभु प्रेमी संघ आष्टा के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल महासचिव प्रदीप प्रगति संरक्षकगण मोहन सिंह अजनोदिया रामेश्वर खंडेलवाल केमिस्ट संघ के पूर्व अध्यक्ष अजीत कुमार जैन कपड़ा रेडीमेड संघ के अध्यक्ष आलोक आर्य पूर्व पार्षदगण शैलेष राठौर सुभाष नामदेव नरेंद्र कुशवाह बाबूलाल मालवीय अनिल धनगर टैक्स एडवोकेट अभिषेक सुराणा पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार ने बधाई दी है साथ ही पूज्य स्वामी जी के चरणो में आभार व्यक्त किया है।

# ब्रह्म कुमारी आश्रम की दिव्यता शांति और सकारात्मकता देती हैं : परमार



**आष्टा, देशबन्धु।** आश्रम प्रमुख श्रद्धेय कुसुम दीदी ने ब्रह्म आश्रम के मूल्यों और आदर्श को अपना कर मानव हित और आत्म कल्याण के लक्ष्य को चुना और निरन्तर संघर्ष से इस लक्ष्य को प्राप्त भी किया ।यह बात पूर्व नपाध्यक्ष तथा प्रदेश कांग्रेस महासचिव कैलाश परमार ने ब्रह्म कुमारी कुसुम दीदी के जन्म स्वर्ण समारोह पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए उनके यशस्वी जीवन की बधाई दी ।ब्रह्म सरोवर में आयोजित इस समारोह में विशाल संख्या में जुटे भक्त गण को संबोधित करते हुए बी. के. कुसुम दीदी ने नगर में प्रजापिता ब्रह्म कुमारी आश्रम के आगाज से अद्यतन तक की जानकारी देते हुए कहा कि जीवन मे शांति और सद्भाव का उद्भव तभी होता है जब हम अपने आचरण में सात्विकता को धारण करते हैं। हमारे आहार विहार ,अचार विचार और वेशभूषा में संयम और अनुशासन होना चाहिये ।शिवत्व की प्राप्ति के लिए यह परम आवश्यक है ।आश्रम की बहन और भाइयों ने कुसुम दीदी के स्वर्ण जन्म समारोह पर नगर के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया था। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष तथा प्रभु प्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति तथा पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह ने कुसुम दीदी को शाल श्रीफल भेंट कर उनके यशस्वी जीवन की बधाई दी ।

### सीएमओ को दी जन्मदिन की बधाई

**आष्टा, देशबन्धु।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना का कुशल व्यवहार एवं काम करने के प्रति उत्साह और नगरहित मे हमेशा सकारात्मक सोच के कारण ही नगर के पहले सीएमओ है जो सीधे जनता से जुड़े हुए है। एवं हर एक व्यक्ति की समस्याओ को सुनने के लिए तत्पर रहते है। वही हर पल प्रयास रहता है कि जनता उनसे मिली है। समस्या बताई है तो तत्काल हल हो यही उनका प्रयास रहता है। यही कारण रहा कि सीएओ राजेश सक्सेना के जन्मदिन पर अधिकारी कर्मचारी सहित सैकड़ो आम जनता ने भी उन्हे बधाई दी।

*प्रशासन उदासीन, समस्याओं पर नहीं दे रहा ध्यान*

# सड़क पर पड़ी सामग्री बड़ी दुर्घटना का कारण न बन जाए





***आष्टा, देशबन्धु।*** *नगर मे अधिकांश रोडो पर लोहा गिट्टी एवं मटेरियल पड़ा हुआ देखा जा सकता है। अब तो हद हो गई कि पूरा रोड पर भी कब्जा करने से नही चूक रहे है। जिसके कारण राहगीर एवं आसपास के निवासी परेशान हो रहे है।*

*बीती रात अज्ञात डंपर चालक ने पुरानी सब्जी मंडी से बड़ा बाजार जाने वाले सबसे व्यस्त मार्ग पर बालू रेत रोड पर डालकर चला गया। जिससे दिनभर रोड जाम रहा । व लोगो को रूट बदलकर निकलना पड़ा। अगर यही हाल रहा तो नगर मे कभी भी बड़ा विवाद का कारण बन सकता है।*

*प्रशासन को समय रहते रोड पर पड़ी हुई सामग्री मालिक पर कार्यवाही करते हुए सामग्री जब्त करना चाहिए। ताकि बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके वही लोगो को परेशानी का सामना नही करना पड़े। और नगर सुंदर भी दिखे। इसके लिए प्रशासन को तत्काल एक अभियान चलाना चाहिए। एवं नगर में बगैर परमिशन लिए बन रहे मकान पर भी रोक लगना चाहिए।*

***प्रशासन का डर नही इसलिए कर लेते है रोड पर कब्जा :*** *प्रशासन समय रहते ठोस कार्यवाही नही करने के कारण बस स्टैंड से लेकर बुधवारा बड़ा बाजार सिकंदर बाजार कन्नौद रोड अलीपुर नदी चौराहा आदि रोडो के अलावा नगर की विभिन्न गलियो में दबंग लोगो ने नालीयो से लेकर आधी सडक पर कब्जा कर रखा है। और यह कब्जा महिनो से है। जिसको लेकर समय समय पर जागरूक नागरिको ने शिकायत भी की। लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नही होने से शिकायतकर्ता निराश है। नगरपालिका को आम नागरिको की सुख सुविधा का ध्यान रखते हुए तत्काल रोड पर महीनो से पड़ी हुई सामग्री को जब्त कर रोड को अतिक्रमणमुक्त करना चाहिए।*

### *इनका कहना है*

*आपके द्वारा यह मामला संज्ञान मे लाया गया है। सभी रोडो की जांच के निर्देश दिए है। ऐसी सामग्री रोड पर मिलती है तो तत्काल जब्त कर कार्यवाही की जाएगी।*

***राजेश सक्सेना,*** *सीएमओ*

# 3 डिग्री तक लुढ़का दिन का पारा

## सर्द हवाओं से बढ़ेगी ठिठुरन



**भोपाल, देशबन्धु।** अलग-अलग स्थानों पर बने तीन मौसमी सिस्टमों के सक्रिय रहने से बादल छाने लगे थे। लेकिन अब इनके कमजोर पड़ने से मौसम शुष्क होने लगा है। हवाओं का रुख भी उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी हो गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक सर्द हवाएं चलने से रविवार को पचमढ़ी और बालाघाट जिले का मलाजखंड सबसे ठंडा रहा। मलाजखंड में दिन का तापमान 22 डिग्री, सेल्सियस तो पचमढ़ी में 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सोमवार से पूरे प्रदेश में ठिठुरन बढ़ने लगेगी और अगले दो दिन में रात के तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में जम्मू के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इसके प्रभाव से एक प्रेरित चक्रवात हरियाणा पर सक्रिय है। इसके अतिरिक्त पंजाब के आसपास एक द्रोणिका भी मौजूद है। इनके प्रभाव के कारण बादल छाने लगे थे।और के तापमान सें मामूली बढ़ोतरी होने लगी थी। अब इन मौसम मौसमी सिस्टमों के कमजोर होने पर मौसम शुष्क हो गया है। इसके साथ ही रविवार दोपहर से हवाओं का रुख भी उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी हो गया और हवा की रफ्तार भी लगभग 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा बनी हुई है। सर्द हवाओं के असर से रविवार को पूरे प्रदेश में दिन के तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई है। राजधानी भोपाल में रविवार को दिन का पारा 3.6 डिग्री सेल्सियस लुढ़कर 24.3 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इसी तरह इंदौर में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 24.2 डिग्री सेल्सियस, जबलपुर में 23.3 डिग्री सेल्सियस ग्वालियर में, 25.6 डिग्री सेल्सियस, उज्जैन में 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले सुबह के समय भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन में धुंध और कोहरा छाया रहा। हालांकि दिन चढ़ने पर इससे राहत मिली। लेकिन सर्द हवाओं से दिन भी लोगों को ठंड महसूस होती रही।

# राष्ट्रीय कैनो चैंपियनशिप में मप्र की शानदार शुरुआत, पहले दिन ही जीते 8 पदक



**भोपाल, देशबन्धु।** संजीव सिंह स्मृति 34वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला व पुरुष कयाकिंग एवं कैनोइंग चैंपियनशिप में पहले दिन मप्र के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन कर आठ पदक जीते। वहीं एसएससीबी ने छह स्वर्ण के साथ अपना दबदबा कायम रखा।

भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग तथा मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के तत्वावधान में राजधानी के छोटे तालाब पर कैनो स्पोटर्स का रोमांच शुरू हुआ। पहले दिन 1000 मी के कुल 12 फाइनल मुकाबले खेले गए। इसमें मप्र ने दो रजत व छह कांस्य पदक जीते। मप्र ने पुरुष व महिला वर्ग दोनों में चार चार पदक जीते। पुरुष वर्ग के के-4 इवेंट में एसएससीबी ने स्वर्ण, मणिपुर ने रजत व मप्र ने कांस्य पदक जीता, मप्र टीम में आदित्य सैनी, अक्षित बरोई, विशाल दांगी व हिमांशु टंडन शामिल थे। पुरुष वर्ग के के-2 इवेंट में मप्र के अक्षित बरोई व विशाल दांगी ने कांस्य पदक जीता। इस इवेंट में एसएससीबी ने स्वर्ण व ओडिशा ने रजत पदक जीता। पुरुषों के सी-2 इवेंट में मप्र के एन नरेश सिंह व प्रिंस गोस्वामी ने रजत पदक जीता। इस इवेंट में एसएससीबी ने स्वर्ण व ओडिशा ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों के के-1 इवेंट में मप्र के मंजीत निंगोम्बम ने कांस्य पदक जीता। इस इवेंट में एसएससीबी के एल नाओचा ने स्वर्ण व आईपी के प्रभात कुमार ने रजत पदक जीता।

वहीं महिलाओं के सी-2 इवेंट में मप्र की मासूमा यादव व परविंदर कौर की जोडी ने रजत पदक जीता। इस इवेंट में स्वर्ण पदक ओडिशा व कांस्य मणिपुर ने जीता। महिलाओं के के-4 इवेंट में मप्र की चोकडी ने कांस्य पदक जीता। ओडिशा ने स्वर्ण व केरल ने रजत पदक जीता। कांस्य पदक विजेता मप्र टीम में आस्था दांगी, स्वाति गुप्ता, रूकमणी दांगी व डाली विश्नोई शामिल थी। महिलाओं के सी-4 इवेंट में मप्र ने कांस्य पदक जीता। केरल ने स्वर्ण व ओडिशा ने रजत पदक जीता। मप्र टीम में मासूमा यादव, परविंदर कौर, दीपा राजपूत व अंजली वशिष्ठ शामिल थे। महिलाओं के सी-1 इवेंट में मप्र की दीपा राजपूत ने कांस्य पदक जीता। इस इवेंट में केरल की अक्षय सुनील ने स्वर्ण व ओडिशा के एम सोफिया देवी ने रजत पदक जीता।

### तेज आवाज में गाने बजाने पर पहली कार्रवाई

# पुलिस ने साउंड सिस्टम किया जप्त, आरोपी फरार

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य सरकार के आदेश के बाद पुलिस ने ऐशबाग थाना क्षेत्र में स्थित मराठी मोहल्ले में तेज आवाज में संगीत बजाने पर पहली कार्रवाई की है। इसके तहत पुलिस ने साउंड सिस्टम और एक मोबाइल फोन को जब्त कर लिया है। लेकिन आरोपी युवक की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस ने उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

ऐशबाग थाना आशीष सप्रे के मुताबकि मराठी मोहल्ला में दीपक मारोडिया रहता है। वह डीजे का काम भी करता है। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात उसके परिवार में कार्यक्रम था। इसके लिए उसने घर के बाहर तीन बड़े स्पीकर बॉक्स और एम्प्लीफायर मशीन को रखकर तेज आवाज में फिल्मी गाने बजाना शुरू कर दिए। यहां कई लोग नाच भी रहे थे। मोहल्ले वालों ने इस बीच मामले की शिकायत थाने में फोन कर दी। जिसके बाद में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आरोपी दीपक मारोडिया मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से एक एम्प्लीफायर, एक मोबाइल व तीन स्पीकर बॉक्स जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# परिचय सम्मेलन के दूसरे दिन चला मेल-मिलाप का सिलसिला



**भोपाल, देशबन्धु।** दिगंबर जैन मंदिर जवाहर चौक टीटी नगर में अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवक-युवती के तीन दिवसीय परिचय सम्मेलन के दूसरे दिन अपार भीड़ देखने का मिली। युवक -युवती एवं परिवारजनों का मिलन का सिलसिला जारी रहा। पूर्व वित्त मंत्री वर्तमान विधायक जयंत मलैया और महापौर मालती राय सम्मेलन में शामिल हुई। समिति के पदाधिकारी द्वारा उनका स्वागत-अभिनंदन किया गया।

समिति के सुनील जैनाविन ने बताया कि सम्मेलन में देश-विदेश से आए प्रतिभागियों ने अपने जीवन साथी की तलाश में अपना-अपना परिचय दिया। किसी ने घरेलू वर- वधु, तो किसी ने व्यवसाय नौकरी में दक्ष जीवनसाथी तथा परिवार को साथ निभाकर चलने की बात कही। लकी ड्रा के माध्यम से 30 प्रतिभागियों का चयन कर एक-एक सोने के सिक्के स्वर्णप्रभा ज्वेलर्स के माध्यम से प्रदान किए गए। सम्मेलन के दूसरे दिन मंच संचालन राजीव जैन,मनोज एम के चंद्र कुमार सरस्वती, आदित्य मनिया ने किया। इस सम्मेलन में यूएएस, कनाड़ा, यूरोप, यूके, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, आयरलैंड, नार्वे एवं दुबई के लगभग 150 एनआरआइ ने सम्मेलन में भावी जीवन साथ की तलाश हेतु पंजीयन कराया है, जिसमें से अब तक 48 से अधिक सम्मेलन में शामिल हुए हैं। समाज के महामंत्री विनोद जैन ने बताया कि 20 युवा जो सिविल सर्विसेस में है, उन्होंने भी जीवन साथी की तलाश हेतु अपना पंजीयन कराया है।

## मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ का अधिवेशन जनवरी में

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ की विभागीय समिति भोपाल की बैठक शनिवार को कर्मचारी भवन में आयोजित की गई, जिसमें त्रि-वार्षिक अधिवेशन के आयोजन पर चर्चा हुई। अधिवेशन को लेकर सभी विभागीय अध्यक्षों से सुझाव लिए गए। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि अधिवेशन में प्रदेशभर से कर्मचारी आएंगे, इसके अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित होंगे। वे कहते हैं कि आवश्यक हुआ तो निर्वाचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तीन समितियों का गठन भी किया गया।

# महिला के गले से मंगलसूत्र लूट मामले में 3 संदेही हिरासत में

**भोपाल, देशबन्धु।** रातीबड़ इलाके में बाइक सवार तीन बदमाशों ने शनिवार रात अपने पति व पोते के साथ पैदल जा रही महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र झपट लिया था। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने तीन संदेहियों को हिरासत में लिया है। रविवार शाम तीनों को पूछताछ के लिए रातीबड़ पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

रातीबड़ थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि बाल विहार कॉलोनी नीलबड़ निवासी शांति बिष्ट पति ठाकुर चंद उम्र 56 वर्ष गृहणी हैं। वह शनिवार रात करीब साढ़े 8 बजे अपने पति व पोते के साथ पैदल अपने घर से दुकान पर सामान लेने के लिए निकली थी। जब वह घर से कुछ दूर शासकीय स्कूल के पीछे पहुंची। तभी पीछे से आई काली बाइक सवार तीन बदमाशों में से एक ने महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र झपट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। लूट की वारदात के बाद महिला ने पति के साथ थाने पहुंच कर सूचना दी और अज्ञात बाइक सवार तीन बदमाशों के खिलाफ लूट का केस दर्ज कराया। इस मामले में क्राइम ब्रांच पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड के रहने वाले अलफैज खान, ऐशबाग के रहने वाले फुरकान खान और यासीन को हिरासत में लिया। रविवार की शाम तीनों को पूछताछ के लिए रातीबड़ पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

## विमला चांडक का निधन

भोपाल, देशबन्धु। ग्राम बेरडी के प्रतिष्ठित नागरिक और छिंदवाड़ा जिले में प्रगतिशील किसान के रूप में ख्यात रहे स्व. श्यामसुंदर चांडक की पत्नी विमला चांडक का 81 वर्ष की उम्र में आज सुबह सौंसर में निधन हो गया। वे लगभग एक साल से अस्वस्थ थीं। आज दोपहर ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्रीमती चांडक देशबन्धु पत्र समूह के निदेशक पलाश सुरजन और छत्तीसगढ़ काडर में भारतीय पुलिस सेवा के दिवंगत अधिकारी मूलचंद बजाज की सास थीं।

# भोजपाल महोत्सव मेले में प्रकृति और ऋत्विजा के गीतों पर झूमा भोपाल



**भोपाल, देशबन्धु।** भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर रविवार को प्लेबैक सिंगर देसी डुओ बैंड की बॉलीवुड नाइट में प्रकृति गिरी और ऋत्विजा ने अपनी सुमधुर आवाज का जादू बिखेरा। इनके द्वारा प्रस्तुत गीतों पर मेले में पहुंचे शहरवासी झूमने को मजबूर हो गए।

प्रकृति गिरी और ऋत्विजा ने रावता गीत से शुरुआत कर मेरा नाम चुन चुन चुन, मैं तेन्यू समझावा वे, जानम समझा करो, सतरंगा सांग सतरंगा, डांसिंग नम्बर, बॉलीवुड सांग्स और पंजाबी सांग्स की प्रस्तुति दी। यह दोनों कलाकार मुंबई से देसी डुओ बैंड के साथ प्रस्तुति देने भोपाल आईं थीं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सेवा भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री रामेंद्र सिंह, मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम के साथ मेला टीम ने कलाकरों के साथ की। मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मेले में 450 से ज्यादा स्टाल लगाए गए हैं। इन स्टालों में विभिन्न प्रकार की सामग्री उपलब्ध है। यहां घरेलू सामनों के लिए विभिन्न दुकानों के साथ ही सेल लगाए गए हैं। खान-पान के स्टालों पर अलग अलग प्रदेशों के विभिन्न अंचलों के व्यंजन का स्वाद मिल रहा है। मेले के सांस्कृतिक मंच पर देश भर के अलग-अलग राज्यों की कला संस्कृत, लोकगीत के साथ उभरते कलाकरों को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए मंच दिया जा रहा है। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों को अपना हुनर दिखाने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। मेले में रोजाना लाखों की संख्या में शहरवासी परिवार के साथ पहुंच रहे हैं।

## मेला समिति ने किया कम्बल का वितरण



भेल जनसेवा समिति द्वारा आयोजित भोजपाल महोत्सव मेला टीम द्वारा रविवार को गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचने के लिए कम्बल का वितरण किया गया। मेला समिति द्वारा गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में 5 जगहों अमराई शनि मंदिर के पास, बागसेवनिया नहर के पास, जाटखेड़ी मल्टी, दीक्षा नगर और बागमुगालिया पुरानी बस्ती में लोगों को 1000 कम्बल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता और मेला संयोजक विकास वीरानी, मेला अध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री हरीश कुमार राम रहे। इस मौके पर महेंद्र नामदेव, नरेश लश्करी (पिन्टू भाई), विनय सिंह, केश कुमार शाह, राहुल सिंह बांके, संदीप, श्रीराम विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, सुमित रघुवंशी सहित मेला टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## घरेलू हिंसा पीड़िता के लिए सहायता योजना

**भोपाल, देशबन्धु।** महिलाओं पर होने वाली घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून में पीड़िता को व्यापक प्रावधान है। कई बार अपनों के हिंसात्मक व्यवहार से महिलाओं को स्थाई शारीरिक क्षति हो जाती है।

राज्य सरकार ने घरेलू हिंसा पीड़िता के लिए सहायता योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत अब महिला या बालिका को किसी अंग की स्थाई क्षति के फलस्वरूप 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता पर 2 लाख तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता पर 4 लाख रुपये तक का मुआवजा दिया जाएगा । इस मुआवजे के लिए पीड़ित या उसके आश्रित की ओर से घटना के एक वर्ष के भीतर संबंधित क्षेत्र के महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी (संरक्षण अधिकारी) अथवा प्रशासक वन स्टॉप सेंटर को आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ घटना की एफआईआर प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। मेडिकल बोर्ड शारीरिक क्षति का आंकलन कर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति को प्रतिवेदन देगा, जिसके आधार पर समिति द्वारा मुआवजे की स्वीकृति दी जाएगी।

# संभावना में गायन के साथ हुई नौरता की प्रस्तुति




**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित संभावना गतिविधि में रविवार को सुश्री इशिका पाण्डे एवं साथी- सीधी द्वारा बघेली गायन एवं एमआरवी नायडू एवं साथी, कटनी द्वारा नौरता नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

गतिविधि की शुरूआत बघेली गायन से हुई, जिसमें सुश्री इशिका पांडे एवं साथी, सीधी द्वारा गौरी गणेश मनाऊं आज सुधि लीजे हमारी (गणेश वंदना), मगन भई देवी आज मोरे अंगना (देवी गीत), कहना से आई है पियरिया (सोहर गीत), एजी नगर अयोध्या बहुत नीक लागै (बेलनहाई), बलमा के जरै नौकरिया रे जिया जरि गै हमार (हास्य गीत), जैसे कई बघेली आंचलिक गीतों की प्रस्तुति दी। मंच पर गायन में इशिका पांडे, हारमोनियम पर रघुवीर शरण श्रीवास्तव, तबला पर हरिशरण श्रीवास्तव, ढोलक पर अमन साकेत, खंझनी पर हरिशंकर कुशवाहा ने संगत की।

अगले क्रम में एमआरवी नायडू एवं साथी, कटनी द्वारा नौरता नृत्य प्रस्तुति दी गई। बुन्देलखण्ड अंचल में नवरात्रि के अवसर पर कुँवारी कन्यायें नौरता नृत्य का आयोजन करती हैं। यह पूरे नौ दिन तक चलता है। घर के बाहर एक अलग स्थान पर गेरू, सेम के पत्तों का रंग, हल्दी तथा छुई का प्रयोग कर नौरता बनाया जाता है। कुँवारी कन्यायें अच्छे जीवनसाथी की मनोकामना के लिए नौरता नृत्य करती हैं।

### कॉमरेड बालकृष्ण गुप्ता की स्मृति में संगोष्ठी का आयोजन

# धर्म निरपेक्ष मूल्यों की रक्षा का किया आव्हान




**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता और स्वाधीनता सेनानी कॉमरेड बालकृष्ण गुप्ता की जयंती पर उनकी स्मृति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वावधान में रविवार को पार्टी के राज्य कार्यालय शाकिर सदन में धर्म निरपेक्ष मूल्यों की रक्षा का दायित्व और चुनौतियां विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्रबुद्ध वक्ताओं ने धर्म निरपेक्ष मूल्यों के लिए कॉमरेड गुप्ता की प्रतिबद्धता और प्रेरक अवदान का उल्लेख करते हुए भारत में फासीवाद के गहराते संकट को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की तथा भारत के संवैधानिक मूल्यों और मानव अधिकारों को कायम रखने के लिए धर्म निरपेक्ष मूल्यों की रक्षा करने तथा इस हेतु जनता को लामबंद करने का आव्हान किया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार इकबाल मसूद ने कॉमरेड गुप्ता की धर्म निरपेक्ष मूल्यों के लिए गहरी प्रतिबद्धता के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने फासीवाद के गहराते संकट और इसके दुष्परिणामों का विस्तार से उल्लेख करते हुए संस्कृति ,साहित्य और जनमानस में सदभाव,सहिष्णुता की सुदीर्घ परंपरा को रेखांकित किया। कॉमरेड मसूद ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने नफ़रत की राजनीति और डर का जो माहौल तैयार किया है वो समूची मानवता के लिए घातक है। मानवता को बचाने हेतु समूची जनता को प्रतिरोध करना चाहिए। इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी कम्युनिस्ट पार्टियों पर ही है।

भाकपा नेता कॉमरेड सत्यम पांडे ने विषय प्रवर्तन करते हुए कॉमरेड गुप्ता के कम्युनिस्ट आंदोलन में प्रभावकारी योगदान और धर्म निरपेक्ष मूल्यों के लिए उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया ।उन्होंने कहा कि धर्म निरपेक्ष मूल्यों की रक्षा हेतु जनता को लामबंद करना ही कॉमरेड बालकृष्ण गुप्ता को हमारी सच्ची और सार्थक श्रद्धांजलि है । एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और भाकपा की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य कॉमरेड हरिद्वार सिंह ने विभिन्न संस्मरणों के माध्यम से कॉमरेड गुप्ता के महत्व और प्रभाव का उल्लेख किया। उन्होंने कबीर दास के दोहों के माध्यम से कट्टरपंथी ,प्रतिगामी ताकतों की जन विरोधी प्रवृत्तियों को रेखांकित किया तथा नफ़रत की राजनीति के प्रतिरोध हेतु जनता को लामबंद करने का आव्हान किया।

भाकपा नेता कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने अध्यक्षीय वक्तव्य में कॉमरेड गुप्ता के बहु आयामी प्रेरक अवदान के संदर्भ में फासीवाद के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख किया तथा वर्तमान में फासीवाद के गहराते संकट के प्रतिरोध और जनता को वैचारिक रूप में शिक्षित करने के लिए बहु आयामी,मैदानी कार्य करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में कॉमरेड वीथी गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए । संगोष्ठी का संचालन भाकपा जिला सचिव कॉमरेड ए एच सिद्दीकी ने और आभार जिला सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड अजय राऊत ने व्यक्त किया । इस अवसर पर भाकपा नेता कॉमरेड मुन्ने खां, गुण शेखरण, नवाबुद्दीन , शिवशंकर मौर्य, विक्रम गुप्ता, फिदा हुसैन, शेर सिंह, जितेन्द्र, जब्बार भाई, बी पी मिश्रा, कीर्ति पांडे सहित बड़ी संख्या में भाकपा के सदस्य शामिल हुए।

भोपाल, सोमवार 18 दिसम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## क्राउड फंडिंग से कांग्रेस का बढ़ेगा जनाधार

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस ने आर्थिक मदद के नाम से जनता से जुड़ने की अभिनव पहल की है। 28 दिसंबर को पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इससे पहले सोमवार को डिजिटल स्वरूप में आमजन से दान लेने की मुहिम की शुरुआत कर रहे हैं। 'डोनेट फॉर देश' के नाम से संचालित होने वाले इस अभियान की महत्ता चुनाव लड़ने के लिए धन राशि एकत्र करने तक सीमित नहीं है, वरन उसका महत्व इसलिये भी है कि वह नये सिरे से आम लोगों को अपनी विचारधारा से जोड़ने जा रही है। इसके साथ ही देश की यह सबसे पुरानी पार्टी अपनी उस परम्परा को पुनर्जीवित करने जा रही है, जिसके बल पर दुनिया की सबसे विपन्न भारतीय अवाम के समक्ष विश्व के सर्वाधिक समृद्ध ब्रितानी हुकूमत को घुटने टेकने के लिये मजबूर होना पड़ा था। देश का स्वतंत्रता संग्राम छोटी-बड़ी मदद के बल पर लड़ा गया था। कांग्रेस को इस तरह जनता के सामने झोली फैलाने की ज़रूरत इसलिये आन पड़ी है क्योंकि उसका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी जैसे अति सम्पन्न राजनैतिक संगठन के साथ है। दशक भर में उसने जैसा पैसा एकत्र किया है और उसका वह व्यय करती हुई दिख भी पड़ती है, उसके सामने किसी भी सामान्य दल का टिके रहना मुश्किल है। अब तक कांग्रेस उसका जिस प्रकार से भी मुकाबला कर रही है, वह अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर ही, लेकिन 2024 का आम चुनाव लोकतंत्र के लिहाज से जिस प्रकार महत्वपूर्ण हो गया है, उसके चलते सम्भव है कि कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। देखना यही होगा कि जनता कांग्रेस की दान की अपील को कैसा प्रतिसाद देती है।

शनिवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में महासचिव केसी वेणुगोपाल एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बताया कि 'डोनेट फॉर देश' अभियान के अंतर्गत आमजन कांग्रेस को परम्परागत तरीकों के अलावा भुगतान के सभी डिजिटल माध्यमों के जरिये भी दान दे सकेंगे। इसके लिये एक अलग वेबसाइट भी बनाई गई है। कुछ ही दिनों में कार्यकर्ता घर-घर घूमकर चंदा एकत्र करेंगे। दान की न्यूनतम राशि 138 रुपये रखी गई है। यह सहयोग राशि उसके गुणा किये जाने वाली संख्या में अधिकतम कुछ भी हो सकती है, यानी 1380, 13800 और ऐसे ही आगे। यह राशि इसलिये चुनी गई है क्योंकि कांग्रेस अपनी स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। यह धन संग्रह मुहिम करीब एक सौ साल पहले (1920-21) महात्मा गांधी द्वारा देश की स्वतंत्रता के लिये चलाये गये 'तिलक स्वराज फंड' से अभिप्रेरित बतलाई गई है।

कांग्रेस को इस तरह के चंदा अभियान की आवश्यकता इसलिये महसूस हुई क्योंकि पिछले कुछ समय से भाजपा ने जहां खुद को आर्थिक दृष्टि से बेहद मजबूत किया है वहीं उसने विरोधी दलों को मदद राशि मिलने के सारे रास्ते यथासम्भव बन्द कर दिये हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट बताती है कि इलेक्टोरल बॉंड के जरिये प्राप्त हुए करीब 9188 करोड़ रुपये में से 5272 करोड़ रुपए अकेली भाजपा को मिले। शेष लगभग 1780 करोड़ रुपए अन्य 7 राष्ट्रीय व 24 क्षेत्रीय दलों के पास पहुंचे। भारी-भरकम खर्चों से होने वाले चुनावी प्रचार अभियानों के माध्यम से भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया को ही इतना खर्चीला कर दिया है कि किसी भी दल का उसके साथ मुकाबला करना बहुत मुश्किल हो गया है। सत्ता हाथ में होने के कारण और उसकी आर्थिक नीतियों के चलते वह उद्योगपतियों व कारोबारियों की पसंदीदा पार्टी बन गई है। केन्द्र की सरकार उसकी अपनी होने के कारण देश के भीतर जहां उसके दफ्तरों के सामने चंदा देने वालों की कतारें लगती हैं, अन्य दलों द्वारा प्राप्त होने वाले धन पर उसकी वक्र दृष्टि होती है। उसके पास उपलब्ध केन्द्रीय जांच एजेंसियों का वह खुलकर उपयोग विपक्षी दलों व नेताओं के खिलाफ करती है। जिन पूंजीपतियों को उसने अपनी नीति से फायदा पहुंचाया है, उसके फलस्वरूप उसके पास पैसे की किल्लत होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। यह चर्चा भी आम है कि नोटबन्दी की बहती गंगा में भाजपा ने अपने हाथ धोये हैं। पूरे भारत में उसके आलीशान कार्यालय, भव्य रोड शो, खूब खर्चीली प्रचार सभाएं साफ बतलाती हैं कि वह देश ही नहीं सम्भवत: दुनिया की सबसे अमीर पार्टी है।

जाहिर है कि ऐसी मालामाल पार्टी के साथ मुकाबला बेहद कठिन है। इसके साथ ही अगले लोकसभा चुनाव का जैसा महत्व है, कांग्रेस के समक्ष लोगों से मदद मांगने के अलावा कोई चारा नहीं रह गया है। इसके माध्यम से पार्टी न केवल अपने खर्च का बंदोबस्त करेगी वरन लोगों से उसका व्यापक जुड़ाव हो सकेगा। उसे वे लोग मदद करेंगे जो कांग्रेस की विचारधारा से इत्तेफ़ाक रखते हैं। बड़ी तादाद में ऐसे नागरिक हैं जो चाहते हैं कि कांग्रेस मजबूत हो लेकिन वे उसकी मदद नहीं कर पाते। ये सामान्यजन होते हैं जो अल्प राशि ही देने में सक्षम हैं। वे निश्चित ही आगे आयेंगे। इससे कांग्रेस की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योगदान का चर्चा आम हो सकेगा जिसका उसे चुनावी लाभ भी मिलेगा। अभियान न सिर्फ पार्टी को भाजपा से लड़ने का हौसला देगा वरन उसके वोट बैंक में भी बड़ा इज़ाफ़ा करेगा। कांग्रेस को दो-तीन बातों का अवश्य ख्याल रखना होगा। पहला तो यह कि संग्रहित राशि पारदर्शी हो और वह उसे बहुत समझदारी के साथ खर्च करे। इसमें उसे एक-एक पाई का हिसाब रखना होगा वरना उसे बदनाम करने का कोई अवसर भाजपा व उसका आईटी सेल हाथ से जाने नहीं देगा।

# पैसे से कांग्रेस की सेहत नहीं सुधरेगी!

हर पार्टी का अपना नेचर होता है। भाजपा में हवा हवाई बातें चल जाती हैं। मगर कांग्रेस में नुकसान कर जाती हैं। भाजपा के साथ एक तो मीडिया होता है दूसरे उसके और संघ के कार्यकर्ता जो इस बात को भी मिनटों में घर-घर पहुंचा सकते हैं कि गणेश जी दूध पी रहे हैं या राहुल पप्पू हैं और मोदी जो चाहे कर सकते हैं। लेकिन कांग्रेस के पास अगर ठोस बातें और जनपक्षीय कार्यक्रम नहीं हैं तो केवल प्रयोग के लिए प्रयोग से या प्रतीकात्मकता से उसे कोई फायदा नहीं होता उल्टा नुकसान ही होता है।

ईवीएम एक ऐसा ही प्रयोग था जिससे आज कांग्रेस ही सबसे ज्यादा परेशान है। ईवीएम कांग्रेस ही लाई थी। नोटा भी वही लाई। आरटीआई भी। ये सब उसके लिए घातक साबित हुए। बिना जनता के स्तर को ऊपर उठाए अति आदर्शवादी व्यवस्था, नए प्रयोग, उस पार्टी के लिए हमेशा नुकसानदेह होता है जिसे जनता वास्तविक आधारों पर जांचती है। कांग्रेस जब मनरेगा लाती है, किसानों की कर्ज माफी करती है तो लाभान्वित हुए लोगों के सीधे समझ में आता है। और वह 2009 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए को वापस ले आते हैं। मगर 2012 के बाद जब वही कांग्रेस अन्ना जी, अन्ना जी करने लगती है तो जनता उसे पसंद नहीं करती। अन्ना जी को लाने वाले ओरिजनल लोगों के साथ चली जाती है।

इन विधानसभा चुनावों में हार के लिए ईवीएम एक कारण हो सकता है! होगा। लेकिन अगर ऐसा है तो कांग्रेस ने इसके खिलाफ कौन सी मुहिम शुरू की। आडवानी ने 2009 के चुनाव हार जाने के बाद बाकायदा इसके खिलाफ एक मुहिम शुरू की थी। अपने पार्टी के नेता जीवीएल नरसिम्हा राव से किताब लिखवाई थी। खुद उस ईवीएम विरोधी किताब की प्रस्तावना लिखी थी। मगर 2019 के लोकसभा चुनाव और उससे पहले 2017 में हुए कई विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस ने इस पर सवाल तो हमेशा उठाए मगर कोई निर्णायक आन्दोलन शुरू नहीं किया। हमें याद है 2017 के बाद जब राहुल कांग्रेस अध्यक्ष बन गए थे तो दिल्ली के इन्दिरा गांधी ओपन स्टेडियम के कांग्रेस सम्मेलन में उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक प्रस्ताव भी पारित किया था। मगर बाद में कोई फालोअप नहीं हुआ। कांग्रेस पूर्व ब्यूरोक्रेटस की, जो चुनाव कार्यों से जुड़े रहे, एक कमेटी बना सकती थी। उनसे जांच करवा सकती थी। कई रिटायर वरिष्ठ अफसरशाह कांग्रेस से जुड़े हुए हैं।

मशीन में गड़बड़ी करने वालों को सख्त मैसेज दे सकती थी। जैसे गडकरी ने बोला था यूपीए के समय, जब उनकी जांच चल रही थी कि किसी भी अफसर को छोड़ेंगे नहीं। वैसे ही सख्त भाषा में बोल सकती थी। आखिर कोई भी डिपार्टमेंट हो, करता तो इंसान ही होगा ना ईवीएम में गड़बड़ी। उसे चेताया तो जा सकता है! मगर कांग्रेस ने हर हार के बाद बोला तो जरूर मगर कोई गंभीर पहल नहीं की। और फिर जनता के मन में यह भी सवाल उठता है कि 2014 में तो कांग्रेस बुरी तरह हारी। तब तो केन्द्र में उसी की सरकार थी। तब भी क्या ईवीएम मैनेज कर ली गई थी? और अगर कांग्रेस के शासन में कांग्रेस के ही खिलाफ ईवीएम मैनेज की जा सकती है तो फिर बात करना ही बेकार है!

हालांकि इसमें इतने आश्चर्य की बात नहीं। 2012 से 2014 तक पूरी अफसरशाही, दूसरी संस्थाएं मीडिया सब पूरी तरह कांग्रेस के विरोध में हो गए थे। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 2012 से 2014 तक सबसे कमजोर सरकार रही। इतनी

तो चन्द्रशेखर की सरकार भी कमजोर नहीं थी।

सत्ता से बाहर कांग्रेस को दस साल हो रहे हैं। और दो हार के बाद तीसरा चुनाव 2024 सिर पर खड़ा है। मगर अभी तक वह अपनी असली समस्या को समझ नहीं पा रही है। मामला हार्ट और ब्रेन का है। नेताओं के कमजोर दिल और निहित स्वार्थी दिमाग का! मगर पार्टी कास्मेटिक सर्जरी कर रही है।

अभी एक नया शिगूफा छेड़ा। क्राउड फंडिंग। राजनीति में यह सफल प्रयोग किया था देवीलाल ने। एक वोट एक नोट! जोर वोट पर था। नोट तो उनसे ज्यादा कोई खर्च कर नहीं सकता। उस समय जिप्सी नई गाड़ी आई थी। चुनाव में पुरानी

महिन्द्रा और विलीज जीपें चलती थीं। गांवों में यही जा पाती थीं। 1989 में देवीलाल ने जनता दल के अपने सारे लोकसभा प्रत्याशियों के पास नई सफेद चमचमाती जिप्सी पहुंचा दी थीं। आज के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उसी समय अपना पहला चुनाव लड़े थे। और जीते थे। राजस्थान के झुन्झुनू से। खुद देवीलाल पड़ोस के सीकर से लड़ रहे थे। इसे शेखावाटी का इलाका कहते हैं।

जाट बेल्ट। उस समय के लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ को हराया था। खैर वह बात वोट और नोट की थी। तो वोट तो मिले ही। और नोट तो प्रतीकात्मक था। तो सारी जिप्सियां वहीं कार्यकर्ताओं को दे आए थे।


शकील अख्तर

**जो गांधी का मूल उद्देश्य था और देवीलाल का हमने बताया कि पैसा नहीं उसके पीछे जोड़ने की भावना? तो इसके लिए कांग्रेस को अपनी नई टीम सामने लानी होगी। एक साल से ज्यादा समय हो गया है, नए अध्यक्ष भी लिखना अब अजीब लगता है, पुराने हो गए उन खरगे जी की टीम अभी तक नहीं बनी है। गैर-जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं।**

देवीलाल शाहखर्च थे। कांग्रेसी भी हैं। मगर दूसरे के पैसे खर्च करने में। अपना तो सब ने दबाकर रखा हुआ है। पता नहीं किस काम आएगा! जिनके पास रखा है वह कोई नहीं लौटाते हैं। बच्चे बेवजह परेशान होकर घूमते रहते हैं। इससे बेहतर है पार्टी को दे दें। मगर नहीं देंगे। पार्टी से और कुछ मिल जाएगा तो ले लेंगे।

खैर तो यहां कांग्रेस ने गांधी जी को याद किया है। मगर यह भूल गए कि गांधी महामितव्ययी थे। थर्ड क्लास में चलते थे। यहां तो हर नेता को

चार्टेड प्लेन चाहिए। शहर के सबसे अच्छे होटल का सबसे महंगा सुइट। बड़ी गाड़ी, सेवा में चार कार्यकर्ता। लगा लें हिसाब कांग्रेस कि जब पैसा नहीं है तो नेताओं ने जिनमें कुछ बड़े नेता छोड़ भी दो तो छोटे और मंझौले दर्जे के नेताओं के चुनाव में घूमने पर कितना खर्चा आया है। और कितने इन्होंने अपनी प्रदर्शनप्रियता और अफालतूनी रवैये से वोट कटवाए हैं। कितने भले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को गालियां दी हैं।

अपनी क्राउड फंडिंग को गांधी जी के 1920-21 तिलक स्वराज कोष से प्रेरित बताना तो ठीक है मगर उनकी तरह पाई-पाई का हिसाब क्या कांग्रेस दे पाएगी? जनता पैसे देगी तो क्या हिसाब नहीं मांगेगी?

और फिर वही बात जो गांधी का मूल उद्देश्य था और देवीलाल का हमने बताया कि पैसा नहीं उसके पीछे जोड़ने की भावना? तो इसके लिए कांग्रेस को अपनी नई टीम सामने लानी होगी। एक साल से ज्यादा समय हो गया है, नए अध्यक्ष भी लिखना अब अजीब लगता है, पुराने हो गए उन खरगे जी की टीम अभी तक नहीं बनी है। गैर-जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं। अभी देखा कि कमलनाथ को जिन्हें पांच साल से ज्यादा कांग्रेस ने एकछत्र काम करने का मौका दिया। वह संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रभारी रणदीप सुरजेवाला को

व्यंगतात्मक बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। शुक्र है सोनिया और राहुल पर अटैक नहीं किया। अपने बेटे नकुलनाथ का राजनीतिक भविष्य ध्यान में आ गया होगा।

यह हाल है कांग्रेसियों का। सब कुछ देने के बाद भी थैंकफुल होने के बदले थैंकलेस ही नहीं कटुता दिखाते हैं। कभी आडवानी, मुरली मनोहर जोशी या रविशंकर प्रसाद, प्रकाश जावड़ेकर, विजय गोयल या हां अभी ताजा शिवराज सिंह चौहान या वसुंधरा राजे के मुंह से एक भी शब्द नकारात्मक सुना!

कांग्रेस में ऐसे नेताओं की भरमार है बड़े नेताओं की जो सब कुछ पाकर भी पार्टी और नेता पर हमले करते हैं। प्रणव मुखर्जी को राष्ट्रपति बनाया।

मगर संघ मुख्यलय नागपुर जा पहुंचे। बेटी को दिल्ली का चीफ स्पोकसपर्सन। मगर वह किताब लिखकर राहुल और सोनिया को कोस रही हैं। जी 23 इन कांग्रेसियों ने ही बनाया था ना! अब फिर कमजोर दिख रही है तो 23 से ज्यादा भी इकट्ठा हो जाएंगे।

कांग्रेस की समस्या यह है, कृतघ्न नेता! जब तक मलाई मिलेगी चिपटे रहेंगे। फिर गालियां देंगे। इन पर सख्ती जरूरी है। थोड़े हों, कम हों पर विश्वसनीय हों। कार्यकर्ता राहुल के साथ हैं। उन्हें ही आगे लाना होगा। क्षत्रपों को भाव देना बंद करना होगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# कांग्रेस पश्चिम बंगाल में चुन सकती है तृणमूल के साथ गठबंधन का विकल्प

■ सात्यकी चक्रवर्ती

19 दिसंबर को नई दिल्ली में भारत के घटक दलों की बैठक की पूर्व संध्या पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों से उपलब्ध सभी संकेत बताते हैं कि कांग्रेस आलाकमान बंगाल में भाजपा से मुकाबले के लिए संयुक्त रूप से 2024 लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तृणमूल कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन बनाने की इच्छुक है।

इसका मतलब यह है कि अगर कांग्रेस-टीएमसी गठबंधन आकार लेता है तो कांग्रेस को राज्य स्तर पर सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ अपना गठबंधन खत्म करना होगा। अब तक कांग्रेस और सीपीआई (एम) दोनों राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी से लड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में उनके शासन की आलोचना करने में सबसे मुखर रहे हैं। वह इस स्थिति पर कायम रहे हैं कि राज्य कांग्रेस सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ गठबंधन में भाजपा और टीएमसी दोनों से एक साथ लड़ेगी।

वर्तमान लोकसभा में, कांग्रेस के पास दो, भाजपा के पास 17 और टीएमसी के पास 23 सीटें हैं। 1964 में अपने गठन के बाद पहली बार सीपीआई (एम) के पास बंगाल से लोकसभा में कोई सीट नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा को 18 सीटें मिलीं, लेकिन आसनसोल में बाद में हुए चुनावों में, टीएमसी ने भाजपा को हरा दिया और इसलिए भाजपा की ताकत घटकर 17 हो गई। इसके अलावा 2019 के एक और भाजपा विजेता अर्जुन सिंह ने भाजपा छोड़ दी और तृणमूल में शामिल हो गये, हालांकि आधिकारिक तौर पर वह अभी भी भाजपा के लोकसभा सदस्य माने जाते हैं। वहीं, बंगाल विधानसभा में भाजपा के विपक्षी नेता शुभेन्दु अधिकारी के पिता और काठी लोकसभा सांसद सिसिर अधिकारी ने टीएमसी से नाता तोड़ लिया है तथा वह अब अपने बेटे का समर्थन कर रहे हैं।

**कांग्रेस आलाकमान की बात है, हिंदी पट्टी से पर्याप्त सीटें पाने की उसकी पहले की उम्मीदों को राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के नतीजों के बाद कुछ झटका लगा है। कांग्रेस बंगाल सहित किसी भी राज्य में अपनी मौजूदा लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। यह देखना होगा कि क्या बंगाल कांग्रेस दिल्ली नेतृत्व के अनुरूप चलती है।**

2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से पिछले पांच वर्षों में बंगाल के चुनावी परिदृश्य में टीएमसी के पक्ष में काफी बदलाव आया है। 2021 के विधानसभा चुनाव के नतीजों से पता चला कि टीएमसी दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में भाजपा से अपना खोया हुआ आधार वापस पाने में सफल रही है, लेकिन उत्तर बंगाल में भाजपा का प्रभाव अभी भी बना हुआ है। टीएमसी ने खुद अपना सर्वेक्षण किया है और उससे पता चला कि उत्तर बंगाल की छह लोकसभा सीटों पर जहां 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी, वहां टीएमसी अपने दम पर उन्हें हराने की स्थिति में नहीं है, लेकिन अगर कांग्रेस के साथ गठबंधन होता है, तो छह में से कम से कम पांच सीटों पर भाजपा को हार मिल सकती है। सच तो यह है कि कांग्रेस अपने दम पर कोई भी सीट जीतने की स्थिति में नहीं है, लेकिन उत्तर बंगाल की कुछ सीटों पर उसका वोट आधार 5 फीसदी से 12 फीसदी के बीच होने से टीएमसी-कांग्रेस गठबंधन को जीत मिल सकती है।

जहां तक कांग्रेस आलाकमान का सवाल है तो सूत्रों का कहना है कि उसका अपना आकलन कथित तौर पर दिखाता है कि कांग्रेस और सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा का गठबंधन एक साथ टीएमसी से लड़कर भाजपा को हराने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस के अध्ययन में हाल के चुनावों में सीपीआई (एम) के वोट शेयर का विश्लेषण किया गया है। इसका आकलन बताया गया है कि अगर टीएमसी और सीपीआई (एम) के बीच कोई विकल्प चुनना है, तो 2024 के लोकसभा चुनावों में सीटों की बढ़ोतरी निश्चित करने के लिए टीएमसी के साथ गठबंधन कांग्रेस के लिए वांछनीय है।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 4 दिसंबर को टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ अपनी बातचीत में विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक राजनीतिक दलों को बंगाल में संयुक्त रूप से लड़ने की आवश्यकता का उल्लेख किया था, जिस पर वह सहमत हुईं और उन्हें जल्द से जल्द सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू करने के लिए कहा। दोनों ने 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा को आगे बढ़ाने का फैसला किया है।

अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, टीएमसी ने चर्चा के पहले चरण में कांग्रेस को तीन सीटों की पेशकश की है, दो वर्तमान सीटें बरहामपुर और मालदह दक्षिण भी शामिल है। इसके अलावा खबर है कि टीएमसी ने कांग्रेस को रायगंज सीट की पेशकश की है। यह सीट अब भाजपा के पास है। कांग्रेस कम से कम छह सीटों की तलाश में है। लेकिन टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की सीटों में और बढ़ोतरी इस बात पर निर्भर करेगी कि कांग्रेस असम में टीएमसी को एक सीट और मेघालय में एक सीट पर सहमत होगी। ध्यान रहे कि असम में 14 लोकसभा सीटें और मेघालय को दो लोकसभा सीटें हैं।

टीएमसी उत्तर बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो भाजपा का सबसे मजबूत क्षेत्र और टीएमसी के लिए सबसे कमजोर क्षेत्र है। दक्षिण बंगाल के जिलों में अब टीएमसी का दबदबा कायम है जहां भाजपा को हराने के लिए पार्टी को वस्तुत: किसी समर्थन की जरूरत नहीं है। लेकिन उत्तर बंगाल के जिलों में 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा की ताकत में थोड़ी गिरावट आई है। फिर भी यह अच्छी संख्या में सीटें पाने के लिए पर्याप्त है। उत्तर बंगाल के जिलों की छह सीटों में अलीपुर दुआर, बालुरघाट, कूचबिहार, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और रायगंज शामिल हैं। इन सीटों पर भाजपा का वोट शेयर 59 फीसदी से लेकर न्यूनतम 40 फीसदी तक रहा था।

2014 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी को कुल 42 सीटों में से 34 सीटें मिली थीं, जो 2019 के चुनाव में वह घटकर 22 सीटों पर आ गई। अब टीएमसी फिर से 34 सीटों की उस ताकत को बहाल करने पर काम कर रही है। जहां तक कांग्रेस आलाकमान की बात है, हिंदी पट्टी से पर्याप्त सीटें पाने की उसकी पहले की उम्मीदों को राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के नतीजों के बाद कुछ झटका लगा है। कांग्रेस बंगाल सहित किसी भी राज्य में अपनी मौजूदा लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। यह देखना होगा कि क्या बंगाल कांग्रेस दिल्ली नेतृत्व के अनुरूप चलती है या आलाकमान प्रदेश पार्टी नेतृत्व को संगठन के हित में वाम मोर्चा के साथ गठबंधन करने की अनुमति देता है।

## गुरवाणी विचार

### जप मन सतनाम सदा सतनाम

थाल विच तिनि वस्तु पइओ-सत संतोख विचारो।
अमृत नाम ठाकुर का पइओ -जिसका सबस आधारो।।
जे को खावै जे को भुंचे-तिस का होय उधारो।
ऐह वसतु तजी नहीं जाई-नित नित रख उरिधारो।।
तम संसार चरण लगि तरीऐ -सब नानक ब्रह्म पसारो।

गुरवाणी की इन पंक्तियों में पंचम नानक गुरु अर्जुन देवजी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि यह सारा संसार एक बहुत बड़ा थाल है। इस संसार रूपी थाल में तीन वस्तुएं सत्य, संतोष और विचार सृष्टि मान हो रहे हैं। इन तीनों वस्तुओं पर विचार करने पर पूरा इंसानी आध्यात्म समझ आ सकता है। क्योंकि यह तीनों वस्तुएं प्रभु नाम के मूल पदार्थ से उपजी हैं। प्रभु परमात्मा का नाम ही हर इंसान का जीवन ढाल सकता है। यही प्रभु परमात्मा नाम ही हर इंसान का ही ओट, आसरा है। इस नाम प्राप्ति हेतु उपरोक्त तीन चीजों की आवश्यक रूप से आवश्यकता है।

गुरुदेव ममझा रहे हैं कि थाल में मौजूद आत्मिक भोजन का सेवन करने वाले हर प्राणी का यकीनन रूप से भला होगा ही होगा। ये तीनों वस्तुएं हमें संभाल कर रखनी होगी और अपने जीवन में इन तीनों वस्तुओं का अमल करते रहना होगा। सत्य पर चल कर ही हम इस संसार में अपना आदर्श कायम कर पाएंगे बल्कि सत्य पर चल कर ही हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति भी कर वाएंगे। प्रभु का नाम भी सत्य ही है इसलिए तो हमें गुरवाणी द्वारा समझाइश दी गई है कि -जप मन सतनाम सदा सतनाम।

आगे संतोष के बारे में बताया गया है संतोष हमारे जीवन के लिए एक आवश्यक वस्तु है। संतोष एक ऐसा धन है जिसके आने पर हमें सारे धन धूरि के समान महसूस होने लगते हैं कहा भी गया है -

गौ धन गज धन बाज धन।
और रतन धन खान जब आवै
संतोख धन सब धन धूरि समान।।

फिर विचार धन का मतलब है प्रभु नाम का सिमरन बंदगी करते रहने प्रभु नाम का सिमरन (विचार) करते रहने पर हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर पाते हैं। इसीलिए तो हमें बार-बार हिदायत दी जाती है कि-

सांस सांस सिमरो गोविंद।
मन अंतरि की उतरे चिंद।। फिर हमें समझाया गया है
सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।
कलि कलेष तन माहि मिटाओ।।

इस संसार में हमारा मानव जीवन पाकर आना भी तभी सार्थक समझा जाएगा। जब हम प्रभु परमात्मा द्वारा दी गई प्रत्येक श्वांस रूपी पूंजी का प्रभु नाम सिमरन में खर्च करें। कुछ लोग इस बात पर किंतु परंतु करते हैं कि हर वक्त प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर हम उदर पोषण अपने और अपने परिवार का कैसे कर पाएंगे तो वे इस बात को भूल जाते हैं कि जिस प्रभु परमात्मा ने हमें इस संसार में भेजा है वह हमारे खाने-पीने की व्यवस्था पहले लिख देता है- तूं जग उत्ते पिछों आवें। उह पहले लिख जांदा है।।

प्रभु परमात्मा में ब्यालीस लाख जीव जल में रखे हैं उनकी भी रोजी रोटी का वह इंतजाम कर रहा है। फिर हमें हाथ पांव से तो अपने उदर पोषण हेतु कार विहार करना ही है पर मन हमारा निरंकार से जुड़ना चाहिए। जिस तरह एक पतंग बाज आसमान में पतंग उड़ाता है। अपने साथ खड़े संगी साथियों से बातचीत भी करता रहता है पर ध्यान उस उसका पतंग पर ही रहता है। कब डोर छोड़नी है, कब खींचनी है। इस बात का पूरा ध्यान रखता है। ठीक इसी प्रकार हमें मन निरंकार के साथ जोड़ना है।

नाम कहे तिलोचना मुख ते नाम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

सत संतोख पर चलते हुए प्रभु नाम पर विचार (सिमर बंदगी) करते हुए इस संसार समुंद्र से हम अपनी जीवन नौका से खेकर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सकते हैं। इसी प्रकार प्रभु परमात्मा की रजा पर चलते रहने पर हमें इस बात का ज्ञान हो पाएगा कि प्रभु परमात्मा का नाम ही सदा सत्य है। सच्चा आचरण रखकर सच्चा विचार रखकर ही हमें जीवन की सूझ प्राप्त हो पाती है। इन तीनों सूत्रों पर चलकर ही हम इस लोक में सुखपूर्वक जीवनयापन कर उजले मुख से परलोक गमन कर जहां पर सुख ही सुख, आनंद ही आनंद की प्राप्ति कर पाएंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### गांव को विकास से जोड़ती सड़क

वैसे तो देश के विकास में सभी क्षेत्रों का समान योगदान होता है। लेकिन इसमें सड़कों की सबसे बड़ी भूमिका होती है। कहा जाता है कि जर्जर सड़क से विकास नहीं गुज़र सकता है। यानि जिस क्षेत्र की सड़क बेहतर स्थिति में नहीं होगी वहां अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा विकास की रफ़्तार धीमी रहती है। निवेश जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहलाती है, इसी सड़क की बेहतरी पर निर्भर करता है। कहा जाए तो उन्नत सड़कें विकास की निशानी है। सड़क के इसी महत्व को समझते हुए पूर्व में अटल बिहारी वाजपयी की सरकार में इस पर विशेष ध्यान दिया गया। न केवल राष्ट्रीय राजमार्गों की हालत सुधारी गई बल्कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछा दिया गया। वर्तमान की मोदी सरकार में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी देश में सड़कों की स्थिति को बेहतर बनाने में लगातार प्रयास कर रहे हैं।

खस्ताहाल सड़क ने केवल अर्थव्यवस्था को ही नहीं बल्कि गांव की किशोरियों की शिक्षा को भी प्रभावित किया है। 17 वर्षीय मालती कहती है कि 12वीं की पढ़ाई के लिए उसे 8 किमी दूर लूणकरणसर ब्लॉक स्थित उच्च विद्यालय जाना पड़ता था। लेकिन ख़राब सड़क के कारण गांव से बहुत कम यात्री गाड़ी चलती है। आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि माता-पिता उसे स्कूटी दिला सकें। जिसकी वजह से उसे 10वीं के बाद शिक्षा छोड़नी पड़ी। वह बताती है कि कुछ जगह सड़क को ईंटों से ठीक किया गया है, लेकिन पूरी सड़क को जब तक बेहतर नहीं बनाया जाता है, लोगों को परेशानी होती रहेगी। 52 वर्षीय निवासी प्रेमनाथ जाट बताते हैं कि इस सड़क को आठ साल पहले भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया था, लेकिन उसके बाद आज तक इसकी मरम्मत नहीं की गई, परिणामस्वरूप यह सड़क धीरे-धीरे जर्जर होती चली गई। वह कहते हैं कि गांव के लोग रात में बहुत ज़रूरी होने पर ही सड़क से आने या जाने का काम करते हैं। यदि प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देगा और सड़क की मरम्मत नहीं होगी तो यह गांव विकास के क्षेत्र में पिछड़ता चला जायेगा।

इस संबंध में ग्राम सेवा सहकारिता समिति के अध्यक्ष आसुराम बताते हैं कि इस सड़क के लिए 50 फ़ीट जगह छोड़ी गई थी लेकिन इसे केवल 20 फ़ीट में ही बनाया गया। छोटी और टूटी होने के कारण ग्रामीणों को प्रतिदिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यदि इस सड़क के निर्माण के लिए टेंडर निकालने में कोई रुकावट है तो इसका निर्माण मनरेगा के तहत भी किया जा सकता है। इससे जहां सड़क की स्थिति सुधर जायेगी तो वहीं मनरेगा तहत लोगों को काम भी मिल जायेगा। आसुराम कहते हैं कि गांव की इस सबसे बड़ी ज़रूरत को पंचायतीराज संस्थाओं के माध्यम से जल्द पूरा किया जाना चाहिए क्योंकि सड़क ही वह माध्यम है जो विकास के नए द्वार को खोलने में बड़ी भूमिका निभाता है। यह केवल आवागमन का ही माध्यम नहीं है बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था भी इसी सड़क से ही जुड़ी होती है।

**तमन्ना बानो, लूणकरणसर राजस्थान**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़, स्कूल वाहन चालक गिरफ्तार



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** एक निजी स्कूल वाहन के चालक द्वारा वाहन में बैठी स्कूल की मासूम बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। घटना 13 दिसंबर की बताई जाती है। बताया जाता है कि वीणाचल अकादमी गर्ल्स स्कूल की बस रोजना आसपास के गांव से बच्चों को लेकर आती है। 13 दिसंबर को शाम को बच्चों को घर छोड़ने जाते समय बस चालक रामकृष्ण पवार द्वारा साढ़े चार साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ की गई। इसका पता तब चला जब बालिका दूसरे दिन स्कूल नहीं गई। जब माता-पिता ने उससे स्कूल न जाने का पूछा तो उसने डरे सहमे हुए अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया तब कही जाकर मासूम के माता पिता ने 15 दिसंबर को सीहोर महिला थाने जाकर एफआईआर दर्ज कराई। इस पर महिला पुलिस थाना द्वारा 376 पासको एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 376/506 धारा के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही स्कूल वाहन को थाने में खड़ा कर लिया। बस में कैमरा और जीपीआरएस दोनों ही नही लगे है जिसको लेकर पुलिस अधिकारियों द्वारा स्कूल संचालक को भी समझाइश दी गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार ड्राइवर की मौत

**मुरैना, देशबन्धु।** नूराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत टेकरी के पास शनिवार की रात बाइक से आ रहे एक ट्रक ड्राइवर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर दिलीप पुत्र गिर्राज जाटव उम्र 32 निवासी केथोदा तुस्सीपुरा सिविल लाइन थाना शनिवार की रात बाइक पर सवार होकर ग्वालियर से मुरैना आ रहा था, तभी टेकरी के पास अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृतक युवक का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है।

### साहित्यकारों और कवियों को मंच देना समिति का मुख्य उद्देश्य : श्रीवास्तव

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** हमारे पिता स्वर्गीय गंगा प्रसाद बख्शी स्वयं एक कवि एवं साहित्यकार रहे हैं। उनके निधन के बाद नगर के साहित्यकारों एवं कवियों ने उनकी स्मृति में जो कार्यक्रम आयोजित किया, आज वह उसी कार्यक्रम को सहयोग करते आ रहे हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान जो कार्यक्रम पूर्व में आयोजित किए जाते थे, लगभग उसी प्रकार का कार्यक्रम आज तक आयोजित किए जाते रहे हैं। हमारा प्रयास रहा है कि बुंदेली और बुंदेलखंड के कवियों को बेहतर मंच मिले और वह अपनी पहचान बना सकें।

आज जिले में भी अनेक बुंदेली के ऐसे हस्ताक्षर हैं, जिनकी पहचान समूचे बुंदेलखंड में है। यह विचार पूर्व विधायक एवं स्वर्गीय श्री गंगा प्रसाद बख्शी स्मृति तीन दिवसीय समारोह के आयोजक केके श्रीवास्तव ने व्यक्त किए। अपने निज निवास पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान दो दिनी कार्यक्रम उनके निज निवास पर एवं आखिरी दिन श्रद्धांजलि समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन नजरबाग परिसर में आयोजित किया जाएगा। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 22 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि रावतपुरा सरकार के संत रविशंकर महाराज होंगे। बताया गया है कि स्वर्गीय गंगा प्रसाद बख्शी की स्मृति में 20 से 22 दिसंबर तक श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने रविवार को इस संबंध में प्रेस वार्ता आयोजित की।

#### जिले के सभी विकासखंडों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू

# जनप्रतिनिधियों ने यात्रा रथों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**रायसेन, देशबन्धु।** जिले के सभी विकासखण्डों में रविवार से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हुई। यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में आईईसी वैन (प्रचार रथ) के पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। एक दिवस में प्रत्येक विकासखण्ड में दो ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सांची विकासखण्ड में ग्राम पंचायत गोपीसुर सतकुण्डा तथा ग्राम पंचायत सेहतगंज में सांची विधानसभा के विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अरविंद दुबे भी उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों में विधायक डॉ चौधरी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जनकल्याण और विकास के क्षेत्र में देश व प्रदेश में और बेहतर कार्य हो तथा प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ मिल सके, इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के माध्यम से जनकल्याण की योजनाओं और कार्यक्रमों का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए प्रयास किया जा रहा है कि इन योजनाओं और कार्यक्रमों के लाभ से कोई भी वर्ग वंचित न रहे। विधायक डॉ चौधरी द्वारा सभी को वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने में योगदान देने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कलेक्टर अरविंद दुबे ने नागरिकों से कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही शिविर में में विभिन्न विभगां द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए कहा कि ऐसे पात्र नागरिक जो किन्हीं कारणों से योजनाओं का लाभ लेने से छूट गए हैं, उन्हें सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाना इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य है। नागरिक सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करें। कार्यक्रम के दौरान पूर्व में योजनाओं का लाभ ले चुके अनेक हितग्राहियों ने ''मेरी कहानी-मेरी जुबानी'' अंतर्गत योजना का लाभ लेने के पहले और योजना का लाभ लेने के बाद जीवन में आए बदलावों तथा आर्थिक उन्नति के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, एसडीएम श्री मुकेश सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का किया निरीक्षण:** विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा तथा कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया गया। साथ ही नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने तथा स्टॉल पर योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु की गई व्यवस्थाओं को भी देखा।

बाड़ी विकासखण्ड अंतर्गत उदयपुरा विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत जामगढ़ और ग्राम पंचायत भगदई में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किए गए। उदयपुरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत रमपुरा और रिछावर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिलवानी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरिया खुर्द में जनपद अध्यक्ष श्री तरवर सिंह के मुख्य आतिथ्य में तथा ग्राम पंचायत खैरी में सरपंच रैनुका बाई के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुए। औबेदुल्लागंज विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत नयापुरा सोडरपुर में जनपद सदस्य श्री रूपेश चौहान के मुख्य आतिथ्य में तथा ग्राम पंचायत अमवई में सरपंच श्रीमती सावित्री बाई के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुई।

### सोमवार को इन ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी यात्रा

जिले के सभी विकासखण्डों में रविवार से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हो गई है। एक दिवस में प्रत्येक विकासखण्ड में दो ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दिनांक 18 दिसम्बर सोमवार को सांची विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपलखिरिया और खरबई में, बाड़ी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत राजवाड़ा और अहमदपुर में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भीलखेड़ी और परखेड़ी में, सिलवानी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुण्डाली और पड़रियाकलां में तथा उदयपुरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत नयाखेड़ा और टिमरावन में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुचेंगी तथा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा केन्द्रों का आब्जर्वर और कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा जिला मुख्यालय रायसेन में बनाए गए सात परीक्षा केन्द्रों पर रविवार को दो चरणों में राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 सम्पन्न हुई। मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा भोपाल संभाग हेतु नियुक्त ऑब्जर्वर सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव श्री बीआर नायडू तथा कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा रायसेन में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे भी उपस्थित रहे।

रायसेन जिला मुख्यालय पर बनाए गए सात परीक्षा केन्द्रों पर राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 दो पालियों में सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में कुल 1823 परीक्षार्थियों में से 1377 परीक्षार्थी ही उपस्थित रहे तथा 446 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में कुल 1823 परीक्षार्थियों में से 1365 परीक्षार्थी ही उपस्थित रहे।

### जैन समाज ने मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज, देशबन्धु।** सकल जैन समाज द्वारा देशव्यापी आंदोलन के तहत रविवार को एक ज्ञापन जैन तीर्थ बचाओं धर्म बचाओं के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नाम विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार संजय चौरसिया को तहसील प्रांगण में समाजजनों द्वारा सौंपा गया। ज्ञापन में मांग कि गुजरात के गिरनार पहाड़ियों और पांचवी टोंक पर किये अवैध निर्माणों को हटाकर सन् 1947 की जैन टोंक वाली स्थिति बहाल कि जाये। जैन अनुनायियों को जैन पद्धति अनुसार पूजा अभिषेक और साम्रगी चढ़ाने की अनुमति दी जाये। पांचवी टोंक पर पाषण में उत्कीर्ण भगवान नेमीनाथ की पद्मामसन प्रतिमा श्रृदालुओं को दर्शन हेतु सार्वजनिक किया जाये। और प्रतिमा के ऊपर लिखे शंकराचार्य के स्थान पर नेमीनाथ लिखा जाये। जैन पुजारी को बैठने की अनुमति प्रदान की जाये। गिरनार की पांचवी टोंक सहित संपूर्ण पहाड़ी पर सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाये, यात्रियों की सुरक्षा हेतु चौथी और पांचवी टोंक पर यात्रियों की सुरक्षा के लिऐ अतिशीघ्र पुलिस चौकी की स्थापना कि जाये। गुजरात राज्य में जैन कल्याण बोर्ड की स्थापना की जाये। इसदौरान जितेन्द्र जैन, सुनील जैन, मनोज जैन, आदि समाजजन मौजूद रहे।

#### अब नहीं बज सकेंगे तेज आवाज में लाउड स्पीकर

# तेज आवाज में बजने वाले फूहड़ गानों से मिल सकेगी लोगों को राहत



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर में फूहड़ गानों के बढ़ते चलन और तेज आवाज में बजने वाले लाउड स्पीकरों से अब लोगों को राहत मिलने का समय आ गया है। शहर में तेज आवाज में बजने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों के कारण परेशान होना पड़ रहा था।

अब प्रशासन के सख्त रवैए के चलते इन पर रोक लगने के आसार नजर आने लगे हैं। बताया गया है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण रोकने हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ जबलपुर द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों का कड़ाई से पालन कर विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित एवं नियम विरुद्ध प्रयोग पर नियंत्रण कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके पालन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय टीकमगढ़ में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी एवं कलेक्टर टीकमगढ़ अवधेश शर्मा द्वारा प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं।

बताया गया है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम की उपस्थिति में एवं टीकमगढ़ जिले के विभिन्न थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा थाना एवं चौकियों में टीकमगढ़ जिले के विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं, विभिन्न धर्मों के प्रमुख व्यक्तियों, डीजे संचालकों एवं मैरिज गार्डन संचालकों की मीटिंग लेकर उन्हें ध्वनि प्रदूषण से होने वाली हानि के बारे में अवगत कराकर माननीय न्यायालय एवं शासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों की निर्धारित सीमा के बारे में जानकारी देकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित सीमा में उपयोग करने हेतु समझाइस दी गई। उक्त के संबंध में प्रशासन के सहयोग हेतु स्वयं कई धार्मिक स्थलों के धर्मगुरुओं द्वारा लाउड स्पीकर हटाकर प्रशासन की समझाइस का पालन किया गया।

### नाबालिग के साथ दुराचार का सामने आया मामला, लोगों में असंतोष

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में नाबालिग बच्चियों को जिस तरह से अपनी हवस का शिकार बनाया जा रहा है। कदाचित इसके पहले इस तरह की घटनाएं नहीं देखी गई। कुछ दिनों से इन घटनाओं ने बढ़ोत्तरी की है। दुराचार की बढ़ती घटनाओं को लेकर लोगों में नाराजगी बनी हुई है। उन्होंने इन घटनाओं पर काबू पाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने पर जोर दिया है। जिले के बम्होरी कला अंतर्गत एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया गया कि जब नाबालिक घर में अकेली थी, तब गांव के ही दो नाबालिक पीड़िता को पड़कर स्कूल में ले गए, जहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और उसके बाद नाबालिक की हालत को गंभीर देखते हुए आरोपियों द्वारा नाबालिक को घर पर छोड़ दिया गया, जब कुछ समय के बाद उनके परिजन घर पर लौटे नाबालिक को संदिग्ध हालात में देखकर उनके द्वारा डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने बताया कि उसकी बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। इसके बाद परिजनों द्वारा चौकी में जाकर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज रिपोर्ट कर वैधानिक कार्रवाई की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों की भी गिरफ्तारी कर लिया गया है।

# अयोध्या से पलेरा नगर पहुंचे अक्षत कलश का हुआ स्वागत

### घर-घर दिखा उत्साह जय श्री राम के लगे नारे



**पलेरा, देशबन्धु।** अयोध्या जी में भगवान राम लला के नए मंदिर में प्रवेश उत्सव में करोड़ों राम प्रेमियों को एकत्रित करने के लिए घर-घर पीले चावल दिए जाएंगे। धर्म प्रेमी बंधुओ को कार्यक्रम में शामिल होने का इन्ही चावल से निमंत्रण दिया जाएगा। जल्द ही गांव शहर और घर-घर तक छोटी-छोटी टोलियां दस्तक देंगी। इसी को लेकर अमृत अक्षत कलश अयोध्या श्री राम जन्म भूमि से चलकर पलेरा नगर में पहुंचे है। जहां पर अमृत अक्षत कलश की भव्य अगवानी की गई। लोगों ने बैंड बाजों के साथ स्वागत किया। नगर में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु इस कलश को अपने-अपने सिर पर लेकर चले और फिर मंदिरों में स्थापित किया गया है। जन्मभूमि अयोध्या से चलकर अक्षत कलश रविवार की देर शाम पलेरा नगर पहुंचा। जहां श्री राम भक्तों ने स्वागत किया। नगर के प्रसिद्ध श्री श्री 1008 हरितला सरकार मंदिर प्रांगण में अक्षत कलश पहुंचते ही भक्तों ने श्रीराम की जय घोष प्रारंभ कर दी। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पटेरिया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील खटीक, भाजपा नेता राज दमेले, शिक्षक कृष्णकांत त्रिपाठी, राम सिंह राजपूत समेत नगर के गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थिति रही।

# भाजपा जिला अध्यक्ष के बाद अब पूर्व जिला अध्यक्ष का महापौर पर तीखा हमला

▸ सफाई और विकास कार्य को छोड़कर कांग्रेसी लूट खसोट करने में मस्त



**मुरैना, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष केदार सिंह यादव ने हाल ही में अपनी ही पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता के खिलाफ जमकर हमला बोला था और उन्हें पद से हटाने तक की मांग कर डाली थी। अब उन्होंने कांग्रेस की महापौर शारदा सोलंकी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेसी सफाई एवं विकास कार्य को छोड़कर निगम की तिजोरी खाली करने में लगे हुए हैं और जनता अपने चयन पर पछता रही है। यादव ने अपने बयान में कहा है कि निगम के कर्मचारियों के कार्य बन्टन में, भाजपा के पार्षद व वार्डो के साथ महापौर द्वारा भेदभाव किया जा रहा है। यातायात व्यवस्था हो, खाद्य पदार्थों के दूषित व अपमिश्रित का मामला हो या नगर के मोहल्लो की नालियों, टूटी-फूटी सडकों, नाले नालियों की हालत हो या बाजार व आम सडको पर अतिकमण, यह स्थिति बेहद चिन्ताजनक बनी हुई है, क्योंकि कांग्रेसी निगम की लूटखसोट में लिप्त है और जनता की सुख सुविधाओं से बेखबर है। ऊपर से विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के विधायक का चुनाव कर लिया, जिससे जनता और पछताएगी। श्री यादव ने कहा है कि गत वर्ष नगर निगम के चुनाव में नगर की जनता जनार्दन ने कांग्रेस का महापौर इस आशा से चुना था कि मुरैना नगर को शहर की परिभाषा में लाया जाकर जनता को राहत मिलेगी। भाजपा ने जनता जनार्दन का आदेश सिरमाथे पर लेकर सोचा कि जनता चाहती है कि कांग्रेस जनता की बेहतर सेवा करेगी तो यही सही, लेकिन हमारी व जनता की आशाओं पर कांग्रेस के महापौर खरे नहीं उतरे हैं और मुरैना नगर को नरक बना दिया है। नगर निगम का स्वास्थ, सफाई अमला निकम्मा व वेलगाम होकर अपने हितों में जुटा हुआ है। जनता को खाद्य सामग्री दूषित व अपमिश्रित लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। कांगेस की वजह से मुरैना का विकास रूक गया है, विकास कार्य ठप्प पड़े है। यादव ने कहा है कि अभी हाल ही में विधानसभा के चुनाव में भी जनता जनार्दन ने कांगेस के विधायक को चुना है, अब महापौर कांग्रेस व विधायक कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि जनता की समस्याओं का निराकरण कराकर राहत दिलावे। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठ सकती। कांगेस के महापौर व विधायक का पुरजोर विरोध ही नहीं, उन्हें मजबूर कर देंगें कि जनता ने आपको चुना है तो नगर की समस्याओं का निराकरण करो या महापौर का दायित्व अगर आप निभा नहीं सकते तो पद से इस्तीफा दे दो।

#### वन विभाग की मिली भगत से चल रहा अवैध रेत का कारोबार

# नर्सिंग होम कैम्पस से डेढ़ सौ ट्रॉली रेत बरामद, रेलवे ठेकेदार पर मामला दर्ज





**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की नूराबाद थाना पुलिस ने रविवार की सुबह कई घंटे तक बड़ी कार्रवाई करते हुए आरएल नर्सिंग कॉलेज कैम्पस से 150 ट्रॉली चंबल का अवैध रेत जप्त किया है। पुलिस ने चंबल रेत का उपयोग करने वाले रेलवे ठेकेदार के विरुद्ध खनिज अधिनियम का मामला पंजीबद्ध किया है।

नूराबाद थाना प्रभारी रामबाबू यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रैक्टर ट्राली रेत से भरा हुआ आर एल नर्सिंग कॉलेज कैंपस में जा रहा है। उक्त सूचना पर उन्होंने पुलिस बल के साथ कैंपस में दबिश दी तो वहां भारी मात्रा में चंबल का रेत पाया गया। श्री यादव ने बताया कि मौके से ट्रैक्टर ट्राली जप्त करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार किया गया और उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है, तो वहीं दूसरी ओर लगभग 7.50 लाख रुपए कीमत का लगभग 150 ट्रॉली रेत भी जप्त किया गया है। बताया गया है कि यह रेत जीआर इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा मंगाया गया था और चंबल के रेत का उपयोग ठेकेदार द्वारा रेलवे के कार्य में किया जा रहा था, जिस पर से ठेकेदार के विरुद्ध भी खनिज अधिनियम का मामला दर्ज किया गया है, जब कि नर्सिंग कॉलेज संचालक पर रेत डम्प करने के लिए स्थान मुहैया कराने को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। सूत्र बताते हैं कि चंबल से अवैध रेत का परिवहन वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मिली भगत से हो रहा है। पुलिस द्वारा रविवार को की गई कार्रवाई के दौरान कई बार वन विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया, तब कई घंटे पश्चात वह मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा अपनी कार्रवाई करने के पश्चात पूरा मामला वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है।

## सार समाचार

### राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा 2023 की प्रारंभिक परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा 2023 की प्रारंभिक परीक्षा रविवार 17 दिसंबर को आयोजित की गई। नर्मदापुरम जिले में भी निर्धारित 11 केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह निर्देशन में नियुक्त सभी विशेष वाहक दल एवं उड़नदस्ता दल द्वारा निर्धारित केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। शासन द्वारा नर्मदापुरम संभाग के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त आईएएस शिवनारायण रूपला द्वारा भी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल फरहीन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परीक्षा का सफल आयोजन किया गया है। नकल का एक भी प्रकरण प्राप्त नहीं हुआ है। प्रथम पाली में 11 केंद्रों पर कुल दर्ज 3679 परीक्षार्थियों में से 2792 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुल 887 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। पहली पाली में परीक्षा देने वाले 2792 परीक्षार्थियों में से 2765 परीक्षार्थियों द्वारा दूसरी पाली में परीक्षा दी गई। 27 परीक्षार्थी दूसरी पाली में अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पाली में कुल 914 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

### विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों की कक्षा 6वीं में छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया 6 दिसम्बर से प्रारंभ हो गई है। इन विद्यालयों में छात्रों का प्रवेश निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया के आधार पर होगा। विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के लिए 8 जनवरी 2024 से पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके पश्चात 29 जनवरी को विद्यार्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा 11 फरवरी 2024 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया स्वागत



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया।

कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन, श्रम, पंचायत, राजस्व इत्यादि विभागों द्वारा योजनाओं संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और आवेदन भी लिए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना , इत्यादि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलवानी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। रविवार को संकल्प यात्रा जनपद सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत बराखड़कला और बिल्थी पहुंची जहां एसडीएम प्रमोद गुर्जर और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया और हितलाभ वितरित कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत हथवास और सुरेलाकला में संकल्प यात्रा पहुंची जहां ग्रामीणों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी , एसडीएम संतोष कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनपद केसला अंतर्गत एसडीएम इटारसी नीति कोरी, उपसंचालक कृषि जेआर हेडाऊ ,जनपद सीईओ रंजीत सिंह और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत डांडीवाडा और सिलवानी में योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया और विकसित भारत का संकल्प दिलाया गया। जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रानी पिपरिया में संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### ड्रोन से कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव का किया गया प्रदर्शन

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आज जनपद पिपरिया की ग्राम पंचायत हथवास, सोहागपुर के रानीपिपरिया और केसला के सिलवानी में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक दवाइयां के छिड़काव का प्रदर्शन कर कृषकों को जानकारी दी गई।

### 18 को इन ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा

18 दिसंबर को जनपद सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत गाजनपुर और भमेड़ी, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत जमारा और उटियाकिशोर, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत भरगदा और चौकीपूरा, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत बाचावानी और पोंडी, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत पवारखेड़ा और सुआखेड़ी में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत ढिकवाड़ा एवं काजलखेड़ी में संकल्प यात्रा पहुंचेगी और यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# नियमों की अनदेखी : फुटपाथों पर चल रहीं मांस-मछली की दुकानें





### नगर परिषद नहीं कर पा रही प्रभावी कार्रवाई

**बनखेडी, देशबन्धु।** नगर में नए नियमों के बाद भी मांस और मछली की दुकाने फुटपाथों पर चल रही हैं। जहां इन दुकानों पर खुले में इनको बेचा जा रहा है, वहीं साफ-सफाई का अभाव भी इन दुकानों के आसपास देखा जा सकता है। अव्यवस्थित तरीके से बेचे जा रहे बकरा, मुर्गा और मछली का अव्यवस्थित तरीके से मांस बिक रहा है, उनमें से ज्यादातर दुकानें अवैध हैं। इन दुकानदारों ने नगर परिषद या खाद्य विभाग से उक्त व्यापार का कोई लाइसेंस नहीं लिया है। इसके बाद भी प्रशासन इस तरफ गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है। हालत यह है कि नगर परिषद मुख्यालय से चंद कदम की दूरी पर ही खुले में मांस बिक रहा है। जबकि हमने शहर व गांव कस्बे में अलग-अलग क्षेत्रों का दौरा किया तो पता चला कि नगर मुख्यालय के सामने मटन मछली मार्केट में संचालित होने वाली मांस की दुकानों पर नियमों का पालन नहीं हो रहा है। यहां न काला कांच लगाया गया न जाली या पर्दा लगाया गया। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासनिक अमले ने कोई कार्रवाई भी नहीं की है।

हालांकि मुख्यमंत्री के आदेश के परिपालन में विगत दिनों बनखेड़ी थाने में मांस-मटन, मछली के दुकानदारों और धर्म गुरुओं तथा लाउडस्पीकर डीजे वालों की एक सामूहिक रूप से बैठक भी ली गई। जिसमें नए आदेशों से दुकानदारों और हिंदू एवं मुस्लिम वर्ग के लोगों को नियमों से अवगत कराया गया। इनमें से कुछ मांस मटन वाले और लाउड स्पीकर व डीजे संचालक उक्त नियमों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

### इनका कहना

*नए नियमों के संबंध में मांस विक्रेताओं को लगातार समझाएं दी जा रही है। फुटकर विक्रेताओं को हल्का पटवारी के माध्यम से नियमों के बारे में बताया गया है। यदि नियमों का पालन कोई नहीं करता है तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। वही नगर के मटन मार्केट में परिषद द्वारा कल चिकन व मीट की दुकानों को व्यवस्थित पर्दा युक्त कराई गई हैं। यदि कोई दुकानदार मनमानी या लापरवाह रवैया का पाया जाता है तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी।*

***नीरज बेस, प्रभारी तहसीलदार बनखेड़ी***

*मुख्यमंत्री के आदेशों के परिपालन में विगत दिनों थाना बनखेड़ी में एक सामूहिक रूप से बैठक ली गई। जिसमें सभी को इन नियमों के बारे में जानकारी देकर समझाएं दी गई। नगर के लिए हमने एक टीम गठित की गई है, इस टीम ने नगर में चल रही मास की दुकानों के दुकानदारों को समझाएं दी। नियमों का पालन नहीं करने वाले मांस-मछली की दुकानें अव्यवस्थित पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।*

***संतोष रघुवंशी सीएमओ, नगर परिषद बनखेड़ी***

# शोले के लेवल की कोई दूसरी फिल्म आज तक नहीं बन पाई : असरानी

**खजुराहो, देशबन्धु।** प्रसिद्ध चरित्र तथा हास्य अभिनेता असरानी ने खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म फेस्टिवल के अंतर्गत पाहिल वाटिका परिसर में टपरा टॉकीज का शुभारंभ किया।



टपरा टॉकीज का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए असरानी ने कहा कि टपरा टॉकीज एक अलग तरह का अनुभव कराती है, जो पूर्व में प्रचलित था। उन्होंने कहा कि खजुराहो के मंदिर अदभुत कला के नमूने हैं।फिल्में एक दर्पण की तरह हैं। आज के दौर में मानव जीवन में तनाव बहुत है। लोग कैसे हंसेंगे इसके लिए फिल्में उचित माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि अब फ़िल्म मेकर्स ने हास्य पात्रों की जगह फ़िल्म के हीरो को ही कॉमेडियन बना दिया, जो सही नहीं है। ऊना जिक्र करते हुए असरानी ने कहा कि फिल्मों में वे इस उम्र में भी काम इसलिए कर पाए क्योंकि वो योगा करते हैं। 1966 से लगातार योगा करते चले आ रहे हैं और एकदम फिट हैं। उन्होंने शोले फ़िल्म में अपने अभिनय को लेकर कहा कि शोले एक मात्र फ़िल्म है जिसके लेविल की कोई फ़िल्म आज तक नहीं बन पाई। उन्होंने बताया कि खुद रमेश सिप्पी ने भी बहुत कोशिश की लेकिन वे भी शोले के स्तर की कोई फ़िल्म नहीं बना पाए।

यहां बता दें कि फ़िल्म फेस्टिवल में फिल्मों के प्रदर्शन के लिए नगर में 5 जगह टपरा टॉकीज बनाई गई हैं। जिनमें बॉलीवुड, होलिवुड के साथ साथ नए फ़िल्म मेकर्स की क्षेत्रीय फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर फ़िल्म अभिनेता विजय कश्यप, फ्रांस की अभिनेत्री मोरियन बोर्गो, आरिफ शहडोली, राकेश साहू सहित फिल्मों से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।

**फिल्मोत्सव का भव्य तरीके से शुभारंभ :** खजुराहो के पाहिल वाटिका परिसर के मुक्ताकाशी मंच पर 9वे खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म फेस्टिवल का बीते रोज देर रात भव्य शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रसिद्ध फ़िल्म चरित्र तथा हास्य अभिनेता असरानी, मशहूर फिल्म अभिनेत्री आशा पारेख मुख्य रुप से शामिल हुईं। कार्यक्रम के संयोजक फ़िल्म अभिनेता तथा प्रयास प्रोडक्सन प्रमुख राजा बुन्देला ने समारोह की जानकारी दी। पारेख को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में मैहर बैंड सहित अन्य स्थानों से आये कलाकारों की प्रस्तुति हुई।

# गुरूद्वारे में मनाया तेग बहादुर का शहीदी कार्यक्रम

**छतरपुर, देशबन्धु।** नगर के महोबा रोड स्थित गुरुद्वारा में सिंह सभा द्वारा सिख धर्म के 9वें गुरू श्री गुरू तेग बहादुर का शहीदी दिवस मनाया गया। इस दौरान गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार सरंजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज ही के दिन सन 1975 में उन्हें दिल्ली के बादशाह ओरंगजेब द्वारा इस्लाम कबूल न किए जाने पर उनका शीश काटकर उन्हें शहीद कर दिया गया था। श्री सिंह बताया इसीलिए उनके द्वारा दिए गए इस बलिदान को शहीद दिवस के रूप में आज उन्हें याद किया जाता है। इस मौके पर गुरूद्वारे में आरदास, भजन कीर्तन किया ? प्रसाद भी वितरण किया गया है।



### पंचायत उप निर्वाचन के लिए अधिकारी नियुक्त

**छतरपुर, देशबन्धु।** त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध) के अंतर्गत जिले में पंच के 58 और जनपद सदस्य के 1 रिक्त पद का निर्वाचन कराया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जीआर ने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। जनपद पंचायत के सीईओ रिटर्निंग अधिकारी के सहयोगी अधिकारी के रूप में काम करेंगे। बताया गया है कि जनपद पंचायत छतरपुर में पंचायत उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी अरविन्द शर्मा तहसीलदार और सहायक रिटर्निंग अधिकारी दिनेश खटीक नायब तहसीलदार को बनाया गया है। जपं नौगांव में रिटर्निंग अधिकारी संदीप कुमार तिवारी तहसीलदार और सहा रिटर्निंग अधिकारी पूजा भोरहरि नायब तहसीलदार को बनाया है। जपं राजनगर के लिए रिटर्निंग अधिकारी जनमेजय मिश्रा तहसीलदार एवं सहा रिटर्निंग अधिकारी धीरज गौतम नायब तहसीलदार होंगे। जपं गौरिहार में रिटर्निंग अधिकारी आकाश नीरज तहसीलदार एवं सहा रिटर्निंग अधिकारी शारदा प्रसाद सोनी होंगे। इसी तरह जपं बिजावर में रिटर्निंग अधिकारी अभिनव शर्मा तहसीलदार एवं सहा रिटर्निंग अधिकारी इन्द्रकुमार गौतम नायब तहसीलदार होंगे।

### जिला अस्पताल की 4 लिफ्ट खराब होने से मरीज परेशान

**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों जिला अस्पताल की 5 में से 4 लिफ्ट खराब हो जाने से मरीजों की परेशानी बढ गई है। खासतौर से गंभीर हालत में इलाज कराने अस्पताल आने वाले मरीजों को खासी दिक्कत होती है। खासतौर से जो मरीज चलने फिरने में असमर्थ होते हैं उनके लिये और भी ज्यादा समस्या होती है। बताया गया है खराब पडी 4 लिफ्टों में से एक केवल अस्पताल के डाक्टर और नर्सों सहित अन्य स्टाफ के लिये आरक्षित है, वो भी खराब हो जाने से अस्पताल स्टाफ और डाक्टर भी परेशान हैं। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल की सभी लिफ्ट सेंसर से संचालित होती हैं। इन दिनों तकनीकि रूप से सेंसर खराब हो जाने से लिफ्टों का संचालन भी रूक गया है। सिविल सर्जन डा जीएल अहिरवार का कहना है कि अकसर लिफ्ट में सेंसर की खराबी आने से संचालन प्रभावित होता है। इसे सही कराने के लिये टेक्नीशियन को बुलाया गया है।

### सुबह नित्यक्रिया के बहाने घर से निकली युवती प्रेमी के साथ भागी

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के सटई थाने के अंतर्गत ग्राम कदवां में एक युवती सुबह नित्यक्रिया के बहाने घर से निकली और अपने प्रेमी के साथ भाग गई है। अब उसका पति उसे तलाशता घूम रहा है। पति ने एसपी के यहां आवेदन देकर उसकी पत्नी की तलाश करने की गुहार लगाई है।

पीड़ित पति ग्राम कदवां निवासी राजू यादव ने बताया कि गांव में वह खेती करके परिवार की गुजर बसर करता है। उसके खेत के पास एलएल तिवारी का खेत है। इस खेत को बटाई पर उत्तम पटेल और हक्कू पटेल को दे रखा है। आस पास खेत होने के कारण इन दौनों से उसकी जान पहचान भी है। इसी का फायदा उठाकर उसकी पत्नी की नजदीकी इन दौनों युवकों से ज्यादा बढ गई। राजू का कहना है कि उसने पत्नी को कई बार इनसे न मिलने के बारे में समझाया मगर बात मानने की बजाय लडने पर उतारू हो जाती। हाल ही में वह सुबह नित्यक्रिया के बहाने घर से निकली और लौटकर नहीं आई। राजू ने बताया कि उसकी पत्नी को ये दौनों युवक ही अपने साथ भगाकर ले गये हैं। उसने एसपी से इस मामले में न्याय की मांग की है।

रात्रि गश्त पर निकली पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करके बडी वारदात को टाला

# एटीएम से रूपये चुराने के प्रयास में गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के गुलगंज थाने की पुलिस जब रात्रि गश्त पर निकली तभी पक्की सूचना मिली कि कुछ लोग एक एटीएम को तोडकर रूपये चुराने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करके एक बडी वारदात को टाल दिया और गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।




जानकारी के अनुसार रात्रि करीब 2 बजे गश्त पर निकली गुलगंज पुलिस को सूचना मिली कि गुलगंज में एक एटीएम को तोडकर उससे रूपये चुराने के उद्देश्य से कुछ लोग संदिग्ध रूप से पहुंचे हैं। वे एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ करके नजदीकी एटीएम के सुरक्षा गार्ड से छीना झपटी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम शीघ्र ही बताये गये एटीएम स्थल पर जा पहुंची। पुलिस को आते देखकर एटीएम से चोरी करने की फिराक में आये बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस टीम ने आसपास के मार्गो एवं गलियों में चोरों की तलाश शुरू कर दी। आला अधिकारियों को इस बात की खबर मिलते ही वे भी तत्परता से सक्रिय हो गये। चोरों के इस गैंग की शीघ्र तलाश एवं गिरफ्तार करने के लिये पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने एक टीम बनाकर तेजी से तलाशी अभियान छेड दिया। पुलिस ने साक्ष्य एवं तकनीकी विश्लेषण करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

**5 आरोपियों से जब्त किया गैस कटर, दो बाइकें :** तलाशी के दौरान एक एक कडी से कडी जोडकर आखिरकार पुलिस को कामयाबी मिल गई। 5 आरोपियों को पकड लिया गया। उनके पास से एटीएम को काटने मे प्रयुक्त होने वाला गैस कटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, लोहे का पाइप और दो बाइकें जब्त की गई हैं। पुलिस ने बताया कि पांचों आरोपी निवासी ग्राम पिपरा थाना गुलगंज के है। उनको अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध मे पूंछतांछ की गई। अभियुक्तों ने आकस्मिक पुलिस सेवा डायल 100 का फर्जी इवेंट लेकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करने की बात स्वीकार की है। साथ ही ये भी बताया कि उन्होंने 19 जुलाई 2023 को गुलगंज में चोरी करने के उद्देश्य से एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ भी की थी।

पुलिस मेमोरेंडम में अभियुक्तों द्वारा एटीएम काटने के लिये गैस कटर, आक्सीजन सिलेंडर, लोहे का पाईप खरीदकर घटना को अंजाम देने की बात भी स्वीकारी है। इस मामले मे ग्राम पिपरा निवासी केवल एक आरोपी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है।

**टीम में इनकी भूमिका रही खास :** एटीएम से रूपये चुराने वाले आरोपियों को पकडने में एसडीओपी बडामलहरा वीरेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में गुलगंज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रवि उपाध्याय के नेतृत्व में टीम की भूमिका खास रही है। इस टीम में एसआई रामआसरे सोनकर, एएसआई मनोहरलाल सोनी, एएसआई दौलत सिंह, प्रधान आरक्षक कैलाश, राजाराम, प्रवेश तिवारी, ईशाक खान, आरक्षक सतीश परसारिया, शीलेन्द्र सिंह, राकेश चढार, घनश्याम व मुकेश प्रजापति, थाना गुलगंज से प्रधानआरक्षक अरविंद कुशवाहा, कपिंद्र, बीडी यादव और संदीप तोमर साइबर सेल की अहम भूमिका रही है।

### इनका कहना है

थाना गुलगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 511 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। इस मामले के पांच आरोपियों को पकड लिया है। उनके पास से एटीएम काटने वाला सामान और दो बाइकें जब्त की हैं। एक आरोपी की तलाश की जा रही है।

**वीरेंद्र बहादुर सिंह,**
एसडीओपी, बडामलहरा

# कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दी वैज्ञानिक तरीके से खेती की सलाह

**छतरपुर, देशबन्धु।** बिजावर अंचल के ग्राम लखनगुवा में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से चर्चा करते हुए उन्हें वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की सलाह दी है।

ग्राम मे डीबीटी बायोटेक्नोलॉजी परियोजना के अंतर्गत आयोजित संवाद कार्यक्रम में भोपाल के केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान से आये वैज्ञानिक डॉ दुष्यंत सिंह, डॉ दीपक थोरात ने किसानो से चर्चा करके प्रदर्शन प्रक्षेत्र का दौरा किया। वैज्ञानिको ने देखा कि जिले मे अधिकतर किसान गेहू की बुवाई बीज छिटककर करते हैं। जिससे कृषि की लागत बढ़ती है, साथ ही बुवाई के उपरांत निराई गुड़ाई, पौध संरक्षण जैसे अन्य कृषि कार्यों मे परेशानी भी आती है।

इसी क्रम मे वैज्ञानिकों ने मशीनीकरण पर जोर देते हुए किसानों को बुवाई के दौरान सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल का उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि इस तरीके से खेती करने से बीज़ की बचत होती है, उत्पादन मे वृद्धि होती है।

इस दौरान किसानों को संसाधन संरक्षण मशीनरी जैसे जीरो-टिल ड्रिल, हैप्पी सीडर और संस्थान मे चल रहे अन्य शोधों के बारे में बताया गया। प्रवीण नायक और हेमू शनिशरे ने खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से जुड़े फायदों की जानकारी दी। नौगांव कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ हेमंत सिन्हा और डॉ अतर सिंह ने जलवायु परिवर्तन के फसलों पर दुष्प्रभाव के बारे में बताकर वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर जोर दिया।

### पर्यावरण सुधार के लिये रोपे गये छायादार पौधे

**छतरपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय चेतना विकास मंच के तत्वाधान में नौगांव में पर्यावरण सुधार के लिये छायादार पौधे रोपे गये हैं। पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप बिल्थरे ने शीशम का पौधा रोपा। विशिष्ट अतिथि नीलेंद्र अग्रवाल ने जामुन का पौधा लगाया।

इस अवसर पर नौगांव इकाई के चेतना मंच अध्यक्ष एलएन रावत, पूर्व सीएमओ डीडी तिवारी, पूर्व एसडीएम केएल अहिरवार, संतोस गंगेले, राजेन्द्र खरे ने एक एक पौधा लगाया। नितेश विश्वकर्मा, लखनलाल बिल्थरे, नाजिम खाँ ने पूर्व में रोपे गये पौधों में पानी डाला। सभी ने आमजन को संदेश देते हुये कहा कि आने वाली पीढी को स्वच्छ हवा देने के लिये पौधे रोपना उनकी सुरक्षा करना जरूरी है। इसलिये सभी को पौधे जरूर रोपना चाहिये।

मप्र संकल्प पत्र-2023 की गारंटी से होगी खेती समृद्ध

# सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने बनेगी मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स

**मुख्यमंत्री ने 7 दिन में काम शुरू करने के दिए निर्देश**



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खेती की समृद्धि के लिए 32 हजार करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स बनाई जाएगी। मप्र संकल्प पत्र में सिंचाई सुविधाओं विस्तार करते हुए खेती को आधुनिक और समृद्ध बनाने की गारंटी दोहराई गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि संकल्प-पत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है। इसके क्रियान्वयन के लिए उन्होंने सभी विभागों को 7 दिन में कार्ययोजना बनाकर काम शुरू करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर एवं चंबल में माधवराव सिंधिया सिंचाई परियोजना, नरसिंहपुर, रायसेन और होशंगाबाद में चिंकी-बोरास बैराज परियोजना, नरसिंहपुर-छिंदवाड़ा में शक्कर-पेंच लिंक संयुक्त परियोजना, छिंदवाड़ा में पेंच डायवर्सन परियोजना, खंडवा में खंडवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना पन्ना में रूंझ मध्यम सिंचाई परियोजना और मझगांव मध्यम सिंचाई परियोजना पन्ना, रीवा, सतना, कटनी एवं जबलपुर में बरगी परियोजना, कटनी में बहोरीबंद माइक्रो सिंचाई परियोजना, हरदा में शहीद इलाप सिंह उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, श्योपुर में चेंटीखेड़ा मुख्य सिंचाई परियोजना, सतना एवं रीवा में बहुती नहर परियोजना पूरी होने से प्रदेश का कृषि परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा।

श्री यादव ने बताा कि खेती के लिए निरंतर बिजली आपूर्ति की जाएगी, इसे बढ़ाकर 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया जाएगा। हम 4 लाख हेक्टेयर तक की उपजाऊ भूमि में सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं को जल्दी पूरा किया जाएगा। प्रदेश के डार्क जोन क्षेत्रों में बोरवेल, पुनरुद्वार के लिए विशेषज्ञों की समिति बनाई जाएगी, इसके साथ ही क्षेत्र में 5 सौ करोड़ का निवेश होगा। मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना के तहत कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि उज्जैन में चना अनुसंधान संस्थान और डिंडौरी में श्री अन्न अनुसंधान संस्थान स्थापित किया जाएगा। वहीं अगले 5 वर्षों में दाल उत्पादन बढ़ाने के लिए सभी दालों की खरीद की व्यवस्था को मजबूत बनाया जाएगा, दाल-विशिष्ट एफपीओ स्थापित करेंगे। सरसों उत्पादक जिलों के प्रत्येक ब्लॉक में सरसों खरीद केंद्र स्थापित किए जाएंगे। बागवानी का क्षेत्रफल 30 लाख हेक्टेयर किया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में एक्का पार्क का निर्माण किया जाएगा। बालाघाट, मंडला, शहडोल, छतरपुर एवं इंदौर में मछली बीज हैचरी यूनिट्स की संख्या बढ़ाई जाएगी। रेशम उत्पादन और मधुमक्खी को बढवा देने के लिए मदद दी जाएगी। किसानों को मधुमक्खी पालन और शहद मधुमक्खियों के डिब्बे और टूलकिट दिए जाएंगे।

### प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र स्थापित करेंगे

किसानों को बीज, फर्टिलाइज़र, मशीनरी आदि को सस्ते दाम में उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा 5 हजार नए कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित करके किसानों को सस्ते दाम में कृषि उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पशु एवं पोल्ट्री चारा निर्माण यूनिट स्थापित की जायेगी जिससे किसानों को उचित मूल्य पर चारा मिल सके। इसके लिए मध्यप्रदेश पोल्ट्री विकास मिशन शुरू किया जाएगा।

### जिलों में गौवंश विहार बनाया जाएगा

आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना के अंतर्गत शिक्षित युवाओं को पशुपालन के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए 10 लाख रुपए तक का ऋण दिया जाएगा। पशुओं की बीमारी के इलाज और पशुओं की मृत्यु होने पर किसानों को वित्तीय सहायता दी जाएगी। सभी दुधारू एवं अन्य पशुओं के लिए मुफ्त बीमा और उनके रोगों के लिए मुफ्त टीकाकरण होगा, पशु चिकित्सालय बनाएंगे तथा पशु एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाई जाएगी। अगले 5 वर्षों में प्रत्येक जिले में एक गौवंश विहार स्थापित किया जाएगा।

राहुल से मिले जीत पटवारी, उमंग सिंघार-हेमंत भी रहे साथ, पटवारी ने कहा-

# सामूहिक नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे

- दिग्विजय और विवेक तन्खा से भी की मुलाकात
- कल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** नवनियुक्त मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी और कांग्रेस विधायक दल के नेता उमंग सिंघार दिल्ली पहुंचे, उनके साथ उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे भी थे, उन्होंने राहुल गांधी से मुलाकात की। राहुल गांधी से मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रदेश की राजनीति स्थित और संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की। बाद में नवनियुक्त युवा नेता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और विवेक तन्खा से भी मिले।

राहुल से मुलाकात के बाद श्री पटवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सभी को सामूहिक नेतृत्व से संगठन को मजबूत करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की बात भी कही। इधर कांग्रेस कार्यालय से उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष और हेमंत कटारे को उप नेता मनोनीत किए जाने की सूचना विधानसभा सचिवालय को भेज दी है।

नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष श्री पटवारी मंगलवार को अपना पदभार ग्रहण करेंगे। इसके पहले वह उज्जैन जाकर वहां भगवान महाकाल के दर्शन एवं पूजा अर्चन कर महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। श्री पटवारी 11 बजे उज्जैन से प्रस्थान कर 11:30 बजे देवास पहुंचेंगे जहां पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद श्री पटवारी सोनकच्छ, आष्टा, सीहोर बायपास मार्ग से होते हुए दोपहर 2 बजे बैरागढ़ आएंगे। श्री पटवारी बैरागढ़ से रैली के रूप में इमामी गेट, बुधवारा, लिली टॉकीज चौराहा, रोशनपुरा, लिंक रोड होते हुए अपरान्ह 3 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचेंगे। जहां वरिष्ठ नेताओं और कांग्रेसजनों की उपस्थिति में पदभार संभालेंगे।

### सुबह आया राहुल गांधी का फोन, शाम को हुई नियुक्ति

आज दिल्ली रवाना होने से पहले कांग्रेस ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा में बताया कि नियुक्ति से पहले शनिवार सुबह कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने फोन किया था, जिसमें उन्होंने बताया था कि उन्हें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जा रहा है। इसके बाद शाम होते-होते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर उनकी नियुक्ति के आदेश जारी हो गए।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले दिल्ली संत महामंडल के पदाधिकारी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से आज उनके दिल्ली प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश भवन में दिल्ली संत महामंडल के पदाधिकारियों ने भेंट कर मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी।

दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर दास जी, संगठन महामंत्री स्वामी कंचन गिरी जी, कोषाध्यक्ष श्रीमंत धीरेंद्र पुरी जी और कोतवाल महंत मंगलदास जी ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को श्रीरामजी की प्रतिमा और शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संतों की बधाई स्वीकार करते हुए सभी संतों को मध्यप्रदेश आने का न्योता दिया।



*उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा में बसामन मामा की पूजा अर्चना की तथा रीवा जिले एवं मध्य प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक के पी त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।*



*नई दिल्ली में रविवार को केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सौजन्य भेंट की।*

विधानसभा का सत्र आज से, सुरक्षा के कड़े प्रबंध

# पहले 2 दिन नव निर्वाचित विधायकों को दिलाई जाएगी शपथ



### बुधवार को होगा राज्यपाल का अभिभाषण

**भोपाल, देशबन्धु।** सोलहवीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी बुधवार को सदन को संबोधित करेंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव भी होगा। विधानसभा के सामयिक अध्यक्ष गोपाल भार्गव और प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने आज सत्र की तैयारियों और सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। 4 दिन तक चलने वाला यह सत्र 21 दिसम्बर तक चलेगा। पहले दो दिन के दौरान नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। सामयिक अध्यक्ष गोपाल भार्गव नए विधायकों को शपथ दिलाएंगे और विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव से पहले सदन की कार्यवाही का संचालन करेंगे। जबकि बुधवार को सत्र के तीसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा।

# संसद में घुसपैठ के आरोपियों के फोन बरामद

- पुलिस को राजस्थान से जले हुए टुकड़े मिले
- मुख्य आरोपी ललित फोन लेकर भाग गया था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद घुसपैठ केस की जांच कर रही दिल्ली पुलिस ने रविवार को सभी आरोपियों के फोन बरामद कर लिए। हालांकि ये फोन पूरी तरह से जले हुए हैं। दिल्ली पुलिस की इन्वेस्टिगेशन टीम ने फोन के टुकड़ों को राजस्थान से बरामद किया। हालांकि पुलिस ने राजस्थान में उस जगह का नाम नहीं बताया, जहां फोन जलाए गए। ये सभी फोन संसद घुसपैठ घटना में शामिल आरोपियों के हैं। 13 दिसंबर को घटना वाले दिन के बाद मुख्य आरोपी ललित झा सभी के फोन लेकर राजस्थान के नागौर भाग गया था। बाद में ललित ने 14 दिसंबर को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। पूछताछ में फोन को जलाने की बात कबूली थी।

### घुसपैठ मामले में अब तक 6 गिरफ्तार

लोकसभा में घुसपैठ मामले में शनिवार 16 दिसंबर को एक और आरोपी महेश कुमावत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जहां से उसे 7 दिन के लिए पुलिस हिरासत में सौंप दिया गया। मामले में अब तक छह लोग पकड़े गए हैं। 13 दिसंबर को 4 आरोपी पकड़े गए थे। ललित झा ने 14 दिसंबर को सरेंडर किया था। मामले में विकी शर्मा और उसकी पत्नी राखी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। विकी के गुड़गांव स्थित घर पर ही चार आरोपी रुके थे।

# देश भर में ठंड ने बढ़ाई ठिठुरन, मध्यप्रदेश में बारिश के आसार

- जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी से रास्ते बंद
- राजस्थान के माउंट आबू में पारा एक डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी हुई है। टूरिस्ट डेस्टिनेशन गुलमर्ग में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। कोंगडोरी इलाके में रविवार को पारा -4 डिग्री पर पहुंचा गया। गुलमर्ग पहुंचे टूरिस्ट स्नो फॉल का मजा लेते नजर आए। हालांकि उनका कहना है कि बर्फबारी के चलते रास्ते ब्लॉक हो गए हैं, लिहाजा हम कहीं और नहीं जा पा रहे हैं। राजस्थान के माउंट आबू में रविवार को पारा एक डिग्री पर पहुंच गया है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में भी ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश में बारिश के आसार जताए हैं, वहीं तमिलनाडु में बारिश हो रही है। दिल्ली में पारा 6.5 दर्ज किया गया है।

जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों बर्फबारी के चलते रास्ते ब्लॉक हैं। गुरेज वैली में प्रशासन बर्फ हटाने में जुट गया है। वहीं, माता वैष्णो देवी की यात्रा पर गए श्रद्धालुओं ने बर्फबारी का आनंद लिया। उनके बनाए वीडियो भी सामने आए हैं।

### मध्य प्रदेश में सर्द हवाओं की दस्तक

मध्यप्रदेश में सर्द हवाओं ने धूप की चमक को बेअसर कर रखा है। रविवार सुबह भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन में धुंध और कोहरा रहा। प्रदेश में शनिवार की रात पचमढ़ी में सबसे सर्द रही। पारा 7.2 डिग्री पहुंच गया।

नौगांव (छतरपुर) में रात का पारा 8.5, रीवा और उमरिया में 8.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट ने तमिलनाडु में कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई थी। सोमवार तक केरल में कई स्थानों के अलावा तमिलनाडु में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की, तो कुछ स्थानों पर तेज बारिश हो सकती है।

पार्टी के कई पूर्व विधायक सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिले

# छत्तीसगढ़ में टिकट से वंचित कांग्रेस विधायकों ने 'फर्जी' पार्टी सर्वेक्षणों के खिलाफ उठाई आवाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में भारी झटके के कुछ दिनों बाद, जिन कांग्रेस नेताओं को टिकट से वंचित किया गया था, उन्होंने खुलकर सामने आना शुरू कर दिया है और आरोप लगाया है कि राज्य में हाल ही में हुए चुनावों के लिए उन्हें पार्टी के टिकट से वंचित करने के लिए फर्जी सर्वेक्षण किए गए थे। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा से हार गई, इसमें कांग्रेस राज्य की 90 में से केवल 35 सीटें जीतने में सफल रही, जबकि भाजपा 54 सीटों के साथ सत्ता में आई। कांग्रेस की नजर राज्य में लगातार दूसरे कार्यकाल पर थी।

पार्टी की हार के बाद, पार्टी के कई पूर्व विधायक शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे और चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिए जाने की सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की। टिकट से वंचित 22 पूर्व विधायकों में से 12 ने वेणुगोपाल से मुलाकात कर सर्वेक्षण रिपोर्ट की विश्वसनीयता पूछी।

12 पूर्व विधायकों में से एक ने कहा कि उन्होंने वेणुगोपाल से मुलाकात की और उन्हें बताया कि ऐसी संदिग्ध सर्वेक्षण रिपोर्ट के कारण उन्हें टिकट से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने वेणुगोपाल को अवगत कराया कि सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर मौजूदा विधायकों को टिकट देने से इनकार करने से, जिसमें उन्हें हारते हुए दिखाया गया था, पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा।

उन्होंने कहा, 'हमें टिकट देने से इनकार करके कांग्रेस ने अपनी जीती हुई सीटें भाजपा को उपहार के रूप में दे दीं।' पूर्व विधायकों ने कहा कि उन्होंने उस सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुद्दे पर चर्चा के लिए पार्टी प्रमुख खड़गे से भी मिलने का समय मांगा है। दिल्ली आए 12 विधायकों में बृहस्पति सिंह, मोतीलाल, शिशुपाल सोरी, विजय जयसवाल, चैनिंग लाल, भुवनेश्वर बघेल, चंद्रदेव राय, विनोद, ममता चंद्राकर, प्रमोद शर्मा, मोहित ककरेटा और लक्ष्मी ध्रुव शामिल हैं। पूर्व विधायकों ने सर्वे की ओर इशारा करते हुए यह भी कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने भी सर्वे रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपनी टीम भेजी थी।

पूर्व विधायकों ने कहा, 'हालांकि, उन्हें राज्य स्तर पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर अपना सर्वेक्षण करने की अनुमति नहीं दी गई, इसलिए हम जानना चाहते हैं कि पार्टी के खिलाफ साजिश रचने के लिए कौन जिम्मेदार थे।' उन्होंने कहा, जब उनसे पूछा गया कि वे इसके लिए किसे जिम्मेदार मानते हैं, तो उन्होंने कहा, 'प्रभारी, सह-प्रभारी और अन्य नेता, जिन्होंने नीतियां बनाईं और फर्जी सर्वेक्षण कराया और पार्टी को धोखा दिया। इसलिए हम फर्जी सर्वेक्षण करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हैं।' पार्टी नेताओं के अनुसार, अपनी ही सर्वेक्षण रिपोर्ट पर राज्य नेतृत्व की अनिच्छा के बाद पार्टी के रणनीतिकार सुनील कानूगोलू को छत्तीसगढ़ में सर्वेक्षण करने के लिए कहा गया था, लेकिन कानुगोलू आगे नहीं बढ़े। यही हाल मध्य प्रदेश और राजस्थान का था, जहां प्रदेश नेतृत्व ने प्रदेश स्तर पर सर्वे टीम तय की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**अधिकारों के उल्लंघन के....** यह तभी दंडनीय है, जब सार्वजनिक स्थल पर हो अन्यथा नहीं। इस प्रकार कानून का जोर केवल झगड़ों अंतरर्निहित गुण या दोष पर नहीं है, बल्कि यह कहां हो रहा है, इस पर है। एक संवैधानिक रूप से शासित समाज को सार्वजनिक और निजी की इस बाइनरी से परे देखने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक और निजी चीजों के इस विरोधाभास ने कई वर्षों से हमारे कानूनों को नारीवादी और आर्थिक आलोचना का आधार बनाया है। अभिव्यक्ति की आजादी के अस्तित्व के लिए इसे इन दोनों स्थानों में मौजूद होना चाहिए।

**हाईकोर्ट जमानत याचिकाओं का....** इस तरह का आदेश अग्रिम जमानत/नियमित जमानत से संबंधित मामले में निश्चितता के बिना, वह भी मामले को स्वीकार करने के बाद, निश्चित रूप से आवेदन पर विचार करने में देरी करेगा और ऐसी स्थिति व्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए हानिकारक होगी।

**कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए....** कलेक्टर्स विधायकगणों की समस्याओं और उनके विषयों का निराकरण प्राथमिकता से करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर किये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बैठक में विधायकगणों ने सड़क और भवन निर्माण का मुद्दा उठाया।

बैठक में उज्जैन संभाग के सभी संसदीय क्षेत्र के सांसद, विधायकगण, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, शहर प्राधिकरण अध्यक्ष, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक और संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।

झारखंड में सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाओं में भ्रष्टाचार बेशुमार

# सरकारी नौकरियों के नाम पर युवाओं को मिलती है तारीख पर तारीख

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, लेटलतीफी और भ्रष्टाचार के बेशुमार रिकॉर्ड हैं। यहां किसी नियुक्ति परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों से एक-दो नहीं, चार-पांच दफा फॉर्म भरवाए जा सकते हैं। किसी परीक्षा की तारीखें छह-सात बार टाली जा सकती हैं। मुमकिन है कि कई बार तारीखें तय करने के बाद परीक्षा ले ली जाए तो नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होते-होते सात-आठ-पंद्रह साल भी गुजर सकते हैं।



परीक्षा पास करने के बाद नियुक्ति के लिए अदालतों के चक्कर भी लगाने पड़ सकते हैं। ऐसे में रह-रहकर युवाओं और अभ्यर्थियों के सब्र का बांध छलक उठता है। वह सड़कों पर उतरते हैं तो उनके हिस्से कभी आश्वासन की घुट्टियां आती हैं तो कभी उनकी देह पर पुलिस की लाठियां बरसती हैं। इन दिनों झारखंड के युवा एक बार फिर आंदोलित हैं। बीते शुक्रवार को राज्य के हजारों युवाओं ने झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन का दफ्तर आठ घंटे तक घेरे रखा। परिसर में घुसकर हंगामा किया और इसी बीच एक युवक ने आत्मदाह की कोशिश की, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ये युवा झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की तारीख छठी बार स्थगित किए जाने से नाराज थे। इस परीक्षा के लिए झारखंड सरकार में 2000 पदों पर नियुक्ति की जानी है और इसके लिए करीब साढ़े छह लाख युवाओं ने आवेदन किया है। इस परीक्षा के लिए पहली बार आठ साल पहले विज्ञापन निकाला गया था। इसके बाद किसी न किसी गड़बड़ी या पॉलिसी में बदलाव के कारण इसके लिए कुल चार बार आवेदन मंगाए गए। अब परीक्षा के लिए नयी तारीखें 21 व 28 जनवरी घोषित की गयी हैं। छात्रों की मानें, तो सातवीं बार तय इन तारीखों में भी परीक्षाएं मुमकिन नहीं लग रहीं, क्योंकि ये दूसरी भर्ती परीक्षाओं की तारीखों से टकरा रही हैं। झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से राज्य में नगर पालिका सेवा संवर्ग के 921 पदों पर नियुक्ति के लिए बीते 29 अक्टूबर को ली गई परीक्षा भी विवादों के घेरे में फंस गई। रांची, जमशेदपुर, धनबाद में कई केंद्रों पर ली गई इस परीक्षा में कई जगहों पर क्वेश्चन पेपर का सील टूटा होने, कुछ केंद्रों पर परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट न मिलने, बुकलेट पर सीरियल नंबर प्रिंट न होने या मार्कर-पेन से लिखे होने जैसी शिकायतें मिली थीं। इसे लेकर कई केंद्रों पर छात्रों ने हंगामा किया था।कमीशन ने पहले छात्रों की शिकायतों को खारिज कर दिया था और हंगामा करने वाले कई छात्रों पर एफआईआर दर्ज कराई थी। बाद में छात्रों की शिकायतें सही पाई गईं और कमीशन ने अब पांच केंद्रों की परीक्षाएं रद्द कर दीं। रद्द केंद्रों की परीक्षा के लिए अब 24 दिसंबर की तारीख तय की गई है। झारखंड लोक सेवा आयोग यानी जेपीएससी की ओर से ली जाने परीक्षाओं की भी यही कहानी है।

अप्रैल 2020 में जेपीएससी ने पूरे राज्य में सहायक टाउन प्लानर के 77 पदों के लिए विज्ञापन निकाला था। इसके लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से 318 को इंटरव्यू में बुलाया गया। इनमें से 186 ऐसे अभ्यर्थियों को भी इंटरव्यू में शामिल कर लिया गया, जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2020 तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट तक नहीं था, जबकि यह अनिवार्य अर्हता थी। ऐसे में कई अभ्यर्थी इस नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए हाईकोर्ट चले गए।बीते दिनों हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट नहीं होने के बावजूद जेपीएससी ने जिन 186 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया था, उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाए। हाईकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। हाल में सुप्रीम कोर्ट ने इसपर निर्णय सुनाते हुए हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा। जेपीएससी ने डिप्टी कलेक्टर के 50 पदों पर नियुक्ति के लिए हुई एक परीक्षा की प्रक्रिया पूरी करने में 18 साल लगा दिए।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।